JOTI JOURNAL

(BI-MONTHLY)

FEBRUARY 2018

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY
HIGH COURT OF MADHYA PRADESH, JABALPUR - 482 007

TRAINING COMMITTEE

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY



1.	**Hon'ble Shri Justice Hemant Gupta**	Chief Justice & Patron
2.	**Hon'ble Shri Justice R.S. Jha**	Judge Incharge Judicial Education
3.	**Hon'ble Shri Justice Rohit Arya**	Member
4.	**Hon'ble Shri Justice Atul Sreedharan**	Member
5.	**Hon'ble Smt. Justice Nandita Dubey**	Member
6.	**Hon'ble Shri Justice Subodh Abhyankar**	Member

●

FOUNDER OF THE INSTITUTE AND JOTI JOURNAL

Hon'ble Shri Justice U.L. Bhat
Former Chief Justice,
High Court of M.P., Jabalpur

●

ASSOCIATE EDITOR
Awdhesh Kumar Gupta
Additional Director

EDITOR
Sanjeev Kalgaonkar
Director Incharge

JOTI JOURNAL FEBRUARY - 2018

SUBJECT- INDEX

Order 5 Rule 20 (1A) and Order 9 Rule 13 – (i) Conditions precedent for passing an order of substituted service.

(ii) Remedies against ex-parte dercree.

आदेश 5 नियम 20 (1क) एवं आदेश 9 नियम 13 - (i) प्रतिस्थापित तामील का आदेश पारित करने के लिए पुरोभाव्य शर्तें।

(ii) एक पक्षीय आज्ञप्ति के विरूद्ध उपचार। **3** **8**

Order 7 Rule 11 – Applicability of Order 7 Rule 11 in process under Section 307 (5) of the Muncipal Corporation Act (M.P.), 1956.

आदेश 7 नियम 11 - मध्यप्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1956 की धारा 307 (5) के अंतर्गत कार्यवाही में आदेश 7 नियम 11 की प्रयोज्यता। **4*** **9**

Order 7 Rule 11 – (i) Effect of non-joinder of necessary party.

(ii) Commencement of limitation in suits for setting aside the alienation of ancestral property.

आदेश 7 नियम 11 - (i) आवश्यक पक्षकार के असंयोजन का प्रभाव।

(ii) पैतृक संपत्ति के हस्तांतरण को अपास्त कराने के लिए वादों में परिसीमा का प्रारंभ।

5* **10**

Order 32 – (i) Guardian under Hindu Minority and Guardianship Act, 1956 and guardian ad litem.

(ii) Distinction between 'next friend' and 'guardian ad litem'.

आदेश 32 - (i) हिन्दू अप्राप्तवयता एवं संरक्षकता अधिनियम, 1956 के अंतर्गत संरक्षक एवं वादार्थ संरक्षक।

(ii) 'वाद मित्र' एवं 'वादार्थ संरक्षक' में भेद। **6** **10**

CONTEMPT OF COURTS ACT, 1971

न्यायालय अवमान अधिनियम, 1971

Sections 2(c) and 12 – Interference in administration of justice.

धाराएं 2(ग) एवं 12 - न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप। **7** **13**

CONTRACT ACT, 1872

संविदा अधिनियम, 1872

Section 74 – (i) Forfeiture of earnest money.

(ii) Inviting tender – Necessities.

धारा 74 - (i) अग्रिम धनराशि का समपहरण।

(ii) निविदा आमंत्रण - आवश्यकताएं। **8** **15**

CRIMINAL LAW (AMENDMENT) ORDINANCE, 1944

आपराधिक विधि (संशोधन) अध्यादेश, 1944

CRIMINAL PROCEDURE CODE, 1973

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973

CRIMINAL TRIAL :

आपराधिक विचारण:

CONSTITUTION OF INDIA

भारत का संविधान

EVIDENCE ACT, 1872

साक्ष्य अधिनियम, 1872

STAMP ACT, 1899

स्टाम्प अधिनियम, 1899

SUCESSION ACT, 1925

उत्तराधिकार अधिनियम, 1925

TRANSFER OF PROPERTY ACT, 1882

संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

URBAN LAND (CEILING AND REGULATION) ACT, 1976

नगर भूमि (अधिकतम सीमा एवं विनियमन) अधिनियम, 1976

URBAN LAND (CEILING AND REGULATION) REPEAL ACT, 1999

नगर भूमि (अधिकतम सीमा एवं विनियमन) निरसन अधिनियम, 1999

FROM EDITOR'S DESK

Sanjeev Kalgaonkar
Director Incharge

Respected Judges

Nelson Mandela said *"Our children are our greatest treasure. They are our future. Those who abuse them tear at the fabric of our society and weaken our nation."*

Recently, in case of ***Sampurna Behura v. Union of India and Others,*** the Supreme Court in judgment dated 09.02.2018 observed that *"our policy and decision makers need to heed this advice and warning and appreciate that they are not doing any favour to the children of our country by caring for them – it is their constitutional obligation and the social justice laws enacted by Parliament need to be effectively and meaningfully enforced."*

Responding to the social pressure, the Central as well as State Government were swift to legislate on the stricter punishment for sexual offences against children providing even for death penalty. Still, a lot is desired to be done. The Government and the society need to consider the root causes for such violent and distorted psyche of offenders and respond accordingly.

We are concerned with the part of the Judiciary in dealing with children – both, in need of care and protection as well as in conflict with law. The children in conflict with law have right to be treated fairly and compassionately, in child-friendly manner. Instead of merely putting them in custody of child care institutions for their misdemeanor, the Juvenile Justice System must be proactive towards their social, economic and psychological rehabilitation so that we may not lose a good citizen who can contribute for betterment of our society and country. We are publishing an extensive article with regard to the jurisdiction, powers and limitations of the Children's Court.

The evergrowing pendency of the cases under Negotiable Instruments Act makes it imperative for the Courts to reconsider the procedure of trial. The Supreme Court in the cases of ***Indian Bank Association*** and ***M/s Meters and Instruments Pvt. Ltd.*** laid down certain guidelines with regard to procedure for

speedy trial of these cases. An attempt is being made by the Academy to clarify various aspects of the trial of cheque bounce cases.

This issue comprises of latest judgments on various nuances of law enunciated by the Supreme Court and High Court of Madhya Pradesh. Let us have a glimpse of the latest trends of law laid down in various judgments.

The Supreme Court in case of ***Jaswant Singh*** laid down that an application for restoration of earlier application under Order 9 Rule 13 of CPC, which was dismissed in default, can be treated as an application under Order 9 Rule 9 read with Section 141 to restore a miscellaneous proceeding akin to suit and rejection of such application would entitle the applicant to file miscellaneous appeal under Order 43 Rule 1 (c) of CPC against that order.

In case of ***Suresh Kumar Wadhwa***, the Supreme Court held that forfeiture of earnest money can be ordered only when the contract contains stipulation of forfeiture.

Considering the scope of revisional jurisdiction, the High Court of Madhya Pradesh in the case of ***Malay Shrivastava*** laid down that the revisional court can only examine the correctness of the impugned order in the backdrop of *jus scriptum* and the *jus commune*. The impugned order cannot be set aside on the ground that it is motivated by malicious intent on the part of the complainant. Explaining the stage for consideration on sanction for prosecution, the High Court laid down that necessity for sanction has to be decided from stage to stage. If the alleged act unequivocally linked to discharge of public duty, the sanction is pre-requisite for cognizance and can be considered at the very inception.

In case of ***Shafhi Mohammad,*** the Apex Court considering the requirement of certification u/s 65B of the Evidence Act held that such a certificate would be mandatory only when the person producing electronic evidence has the custody or control over the devise generating the electronic evidence. It was further held that requirement of certificate can be relaxed where necessity of justice so justifies.

In case of ***Ranchhod,*** the High Court of Madhya Pradesh dealing with the rights of adoptee over coparcenary property of previous family, held that only the property "vested" in adopted child continues to vest in him. The fluctuating undivided interest in coparcenary property is not a vested right. Therefore, the adoptee has no vested right to seek partition of the property of the previous family after adoption.

In case of ***B.C. Jain,*** the High Court of Madhya Pradesh laid down guidelines for the police and Courts dealing with the cases of medical negligence implicating doctors working in Government Hospitals and Health Centres.

In case of ***Naveen Kumar,*** the Supreme Court considering the liability of transferee owner, held that Section 2 (30) of the Motor Vehicles Act provides that it is the registered owner, whom Parliament has regarded as owner of the vehicle and not the transferee owner. A claimant for compensation ought not to be burdened with following a trail of successive transfers, which are not registered with the registering authority.

In case of ***Surya Prakash v. Smt. Rachna*** (unreported), the High Court of Madhya Pradesh held that non-payment of maintenance (interim or final) does constitute breach of protection order u/s 31 of the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005.

The Academy has been in the thick of educational activities in the past two months. The Academy conducted Workshops on Negotiable Instruments, Anti-Corruption Laws, Recent legal trends relating to crime against women & children and POCSO Act, 2012 for the Judges of the District Judiciary and also an Educational Programme for Prosecutors in the month of December.

The Academy commenced its academic activities in the year 2018 with the Colloquium of District Judges.

After the introduction of the Commercial Courts, Commercial Division and Commercial Appellate Division of the High Courts Act, 2015, litigation will be made less cumbersome and expeditious. The Act mirrors and affirms similar

principles of law reflected in various statutes of developed countries which ensure a speedy legal recourse and essentially introduces setting up of a Commercial Court at District level and a Commercial Division in the High Court having ordinary original civil jurisdiction to deal with commercial disputes. As these Courts have been newly constituted, to sensitize the Presiding Officers of these Courts regarding the nuances of the new Act, in continuation with the colloquium, the Academy also conducted Workshop on working of Commercial Courts as most of the designated judges of the Commercial Courts are District Judges.

Madhya Pradesh State Judicial Academy and High Court of Madhya Pradesh in collaboration with National Judicial Academy, conducted NJA's West Zone Regional Conference on – Enhancing Excellence of the Judicial Institutions: Challenges & Opportunities on 13th & 14th January, 2018 in the Academy for the first time.

In addition to that, the Academy also conducted Final Phase Induction Course for the second batch of newly appointed Civil Judges of 2017 batch. A Specialized Regional Education Programme on – Domestic Violence and offences against women was conducted at Indore for the Judges of Indore region.

I sincerely hope that the content of this issue will enlighten and guide the readers in discharge of their duties. Your valuable contributions and response are always welcome.

Keep blessing our pursuit for judicial excellence.

•

"Iura Novit Curia" – It is the Judge's duty to find the legal norm fitting the case without waiting for the parties to present.

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR

Colloquium for District Judges
(04.01.2018 & 05.01.2018)

Workshop on – Working of Commercial Courts
(06.01.18)

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR

West Zone Regional Conference on Enhancing Excellence of the Judicial Institutions. Challenges and Opportunities
(13.01.2018 & 14.01.2018)

Induction Course (Final Phase) for Civil Judges Class-II of 2017 batch (second batch)
(16.01.2018 to 09.02.2018)

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR

Workshop on – Negotiable Instruments Act, 1881
(03.12.2017)

Specialized Training Programme for Pubic Prosecutors
and Additional Pubilic Prosecutors
(05.12.2017 & 06.12.2017)

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR

Two days Workshop on – Key issues under the Anti-Corruption Laws
(16.12.2017 & 17.12.2017)

Workshop on – Key issues of Recent Laws relating to Crime against Women & Children and POCSO Act, 2012
(22.12.2017)

HON'BLE SHRI JUSTICE VED PRAKASH SHARMA
DEMITS OFFICE

Hon'ble Shri Justice Ved Prakash Sharma demitted office on His Lordship's attaining superannuation.

Hon'ble Shri Justice Ved Prakash Sharma was born on January 2, 1956. Joined M.P. State Judicial Services as Civil Judge Class II on April 16, 1983 at Gwalior. Was promoted to Higher Judicial Sevices on June 3, 1996. Granted Selection Grade Scale on June 1, 2002 and thereafter, Super Time Scale on January 2, 2012.

Worked at Gwalior, Pichhore, Jora, Raipur (now Chhattisgarh) and Khandwa. Also served as Dy. Commissioner (Bhopal Gas Commission).

Held the post of Additional Director and thereafter, Director of the State Judicial Academy between May 2002 to June 2007. As Director of the JOTRI (now MPSJA), diversified its activities and conceptualized various Workshops/training programmes for Judicial officers as well as Officers of other Departments like Electricity, Police, Forest, Medical, Prosecution,

Co-operatives, District Consumer Forum etc. and was also Editor of

Bi-monthly Institutional Journal 'JOTI'. Following the pattern of National Judicial Academy, Bhopal, took initiative to prepare reading material on diverse specialized subjects of law. Acknowledged as a good orator and has delivered lectures and speeches in various training programmes on varied subjects in different Institutions including National Judicial Academy, Bhopal and National Law Institute University, Bhopal. From February, 2009 to March, 2010 served as Professor at the National Judicial Academy, Bhopal and thereafter, as District & Sessions Judge, Sehore. From March 2010 to March 2011, worked as Principal Registrar (Judl.) and thereafter, from April 2013 till 31.01.2016 as Registrar General of the High Court of M.P.

Authored book 'LEGAL ISSUES AN ANTHOLOGY' a compilation of articles on various legal issues, foreworded by Hon'ble Mr. Justice

R.V. Raveendran, Former Judge, Supreme Court of India. Also authored a book in Hindi on “Panchayat Raj in Madhya Pradesh”, published by M.P. State Legal Services Authority.

Attended International Conference on 'Judicial Governance' at Singapore in the capacity of Registrar General from 27th to 31st July, 2015.

Was Chairman, M.P. State Co-operative Tribunal, Bhopal from 01.02.2016 till elevation.

Took oath as Additional Judge, High Court of Madhya Pradesh on 07.04.2016 and as Permanent Judge on 17.03.2017.

We on behalf of JOTI Journal, wish His Lordship a healthy, happy and prosperous life.

•

PART – I

परिवाद अन्तर्गत परक्राम्य लिखत अधिनियम - निर्देश एवं प्रक्रिया

सुदीप कुमार श्रीवास्तव
अतिरिक्त संचालक,
म.प्र. राज्य न्यायिक अकादमी

उद्देश्य

बैंकिंग, वित्तीय संस्थाएँ एवं परक्राम्य लिखत विधियाँ (संशोधन) अधिनियम, 1988 से परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 में अध्याय 17 (धारा 138 से 142) के उपबंध समाविष्ट कर खाते में राशि की अपर्याप्तता इत्यादि आदि कारणों से चेक के अनादरण को दण्डनीय अपराध बनाये जाने में विधायिका का मूल उद्देश्य वित्तीय संस्थाओं और व्यवसायिक लेन-देन में चेक की स्वीकार्यता और विश्वसनीयता बढ़ाना रहा है।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये एक तरफ ईमानदार लेखीवाल (Drawee) को सुरक्षा प्रदान करते हुये धारा 138 में उपबंध किया गया कि यदि किन्हीं परिस्थितियों या आकस्मिकताओं के कारण चेक अनादरित हो गया है तो ऐसे अनादरण और मांग की सूचना प्राप्त होने पर लेखीवाल, भुगतान पाने वाले व्यक्ति (Payee) अथवा सम्यक अनुक्रम में चेक के धारक (Holder in due course) को 15 दिन के भीतर चेक की राशि और ब्याज एवं खर्च की राशि (यदि कोई हो) अदा कर सकता है और ऐसी दशा में लेखीवाल किसी अपराध के दायित्व से मुक्त होगा। दूसरी ओर गृहीता अथवा सम्यक् अनुक्रम में धारक को कठिनाईयों से बचाने के लिये धारा 139 से विधिक उपधारणा का सृजन कर उपधारणा के खण्डन का भार लेखीवाल अर्थात् अभियुक्त पर डाला गया है।

अपराध की प्रकृति

धारा 138 में वर्णित अपराध की प्रकृति एक सिविल दोष की है, इसे विनियात्मक अपराध (Regulatory offence) भी कहा गया है। इसका उद्देश्य न केवल अभियुक्त को दंडित करना है बल्कि उससे परक्राम्य लिखत का पालन कराना भी है। (देखें ***विनयदेवान्ना नायक विरूद्ध रैयत सेवा सहकारी बैंक लिमि., ए.आई.आर. 2008 एससी 716***)**दण्ड का स्वरूप**

आर. विजयन विरूद्ध बेबी, (2012) 1 एससीसी 260 वाले मामले में माननीय न्यायमूर्ति आर. व्ही. रविन्द्रन जे. ने धारा 138 में प्रावधानित दण्ड के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए प्रतिपादित किया कि यह दण्डात्मक होने के साथ-साथ क्षतिपूरक है। मजिस्ट्रेट को इस परम्परागत सोच से ऊपर उठना होगा कि न्यायालय का कार्य दांडिक प्रकरणों में केवल दण्डादेश पारित करना है चाहे वह कारावास के रूप में हो या अर्थदण्ड के रूप में। इस अपराध में प्रावधानित अर्थदण्ड की मात्रा चेक की राशि से दुगनी तक होने का आशय परिवादी को न सिर्फ चेक की राशि बल्कि ब्याज और खर्च की उचित राशि क्षतिपूर्ति के रूप में दिलाना है।

इसी न्याय दृष्टांत में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 357 (1) (बी), 357, 29 (2) एवं परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 143 में सन् 2002 में हुये संशोधन की स्थिति को स्पष्ट करते हुये स्पष्ट किया गया कि धारा 357 (3) के प्रावधान वहां आकर्षित होंगे जहां अर्थदण्ड, आदेशित दण्ड का भाग नहीं है अर्थात् जहां केवल कारावास का दण्ड दिया गया है वहां न्यायालय निर्देश दे सकते है कि अभियुक्त न्यायालय द्वारा निर्देशित राशि क्षति उठाने वाले व्यक्ति को क्षतिपूर्ति के रूप में अदा करे। जहां आदेशित मुख्य दण्ड में अर्थदण्ड शामिल है वहां धारा 357 (1) (बी) के प्रावधान आकर्षित होंगे और ऐसी दशा में क्षतिपूर्ति की राशि अर्थदण्ड में से ही दिलायी जायेगी। परक्राम्य लिखित अधिनियम में सन् 2002 में हुये संशोधन से धारा 143 (1) द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 29 (2) की सीमा को समाप्त करते हुये न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी को विशेष शक्ति और अधिकारिता प्रदान की गई है कि वह 5000/- रूपये से अधिक का अर्थदण्ड आरोपित कर सकता है, जिसकी सीमा चेक राशि के दुगने तक है।

परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 में प्रावधानित दण्ड के इस स्वरूप को देखते हुये इसे दण्ड प्रक्रिया की धारा 357 (1)(बी) एवं धारा 357 (3) के प्रावधानों को दण्ड आरोपित करते समय विचार में लिया जाना न सिर्फ उचित बल्कि आवश्यक होगा। यह ध्यान देने योग्य है कि धारा 357 (3) दं.प्र.सं. के अधीन आदेशित क्षतिपूर्ति की राशि को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 64 एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 431 के अधीन प्रवृत्त कराया जा सकता है।

प्रक्रिया

धारा 138 से 142 के प्रभावशील होने के बाद प्रकरणों की बढ़ती संख्या और पक्षकारों को आने वाली कठिनाईयों को देखते हुये विधायिका द्वारा सन् 2002 में परक्राम्य लिखत (संशोधन एवं विविध उपबंध) अधिनियम, 2002 से धारा 143 से 147 तक के उपबंध जोड़कर प्रक्रिया को सरलीकृत किया गया है। सन् 2002 में किये गये संशोधनों से दर्शित है कि साक्ष्य को शपथ पत्र द्वारा दिये जाने का भी प्रावधान करते हुये अभियुक्त पर समंस की तामील डाक या कूरियर आदि द्वारा कराये जाने का उपबंध किया गया, साथ ही साथ प्रकरण का संक्षिप्त विचारण करने की अधिकारिता मजिस्ट्रेट को प्रदान की गई। धारा 147 के उपबंध द्वारा अपराध को शमनीय बनाने का उद्देश्य, पक्षकारों के बीच समझौते के अवसर उत्पन्न करना और पक्षकारों को यथासंभव शीघ्र उचित उपचार दिलाना है। इस संशोधन के उद्देष्य पर प्रकाश डालते हुये माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय दृष्टांत ***माण्डवी को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड विरूद्ध नीमेश बी. ठाकुर, ए.आई.आर. 2010 एससी 1402*** में प्रतिपादित किया कि धारा 143 से 147 के प्रावधान स्वयं में एक विशिष्ट संहिता है और इनका उद्देश्य विचारण की गति को बढ़ाना और नियमित दांडिक विचारण की कठिन प्रक्रियाओं को दूर करना है।

सन् 1988 के अधिनियम क्रमांक 66 के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये विभिन्न न्याय दृष्टांतों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर धारा 143 से 147 तक के प्रावधानों की व्याख्या करते हुये एक स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित की है। न्यायदृष्टांत ***इंडियन बैंक एसोसिएशन विरूद्ध यूनियन आफ इंडिया, ए.आई.आर 2014 एससी 2528*** के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने त्वरित विचारण हेतु अपनायी जाने वाली पद्धतियों संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश दिये हैं और प्रतिपादित किया है कि सामान्यतः मामले के विचारण में संक्षिप्त प्रक्रिया अपनायी जानी चाहिये। ***जे.व्ही. बेहरूनी***

विरूद्ध स्टेट आफ गुजरात, (2014) 10 एससीसी 494 वाले मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी प्रतिपादित किया कि धारा 138 के मामलों में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया लचीली है और दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 326 (3) के प्रावधान कठोर रूप से लागू नहीं होते हैं। अतः पूर्व मजिस्ट्रेट द्वारा जिस साक्षी की साक्ष्य को अंकित किया गया हो उस साक्षी को पुनः बुलाने का आदेश यांत्रिक रूप से नहीं किया जाना चाहिये। ***मेसर्स मीटर्स एण्ड इंस्ट्रूमेंट्स प्राईवेट लिमिटेड विरूद्ध कंचन मेहता, ए.आई.आर. 2017 एससी 4594*** के न्याय दृष्टांत में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने प्रतिपादित किया कि धारा 143 से 147 की योजना साक्ष्य अधिनियम और दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों से हटकर है। धारा 143 में प्रयुक्त ''जहां तक संभव है'' अभिव्यक्ति पर्याप्त लचीलापन दर्शित करती है। इस तरह मजिस्ट्रेट द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया, दण्ड प्रक्रिया संहिता में वर्णित ''संक्षिप्त प्रक्रिया'' के समरूप नहीं है। आगे प्रतिपादित किया कि जब तक मजिस्ट्रेट का ऐसा अभिमत न हो कि एक वर्ष से अधिक अवधि का कारावास आदेशित किया जाना मामले की प्रकृति के अनुसार अपेक्षित है तब तक सामान्यतः संक्षिप्त प्रक्रिया का अनुसरण करना चाहिये। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिये कि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 357 (3) व 431 एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 64 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुये बहुत से ऐसे मामले हो सकते हैं जिसमें एक वर्ष से अधिक का कारावास दिया जाना आवश्यक न हो। इसी दृष्टिकोण के साथ विचार करते हुये प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिये।

जैसा कि पूर्व में देखा जा चुका है कि धारा 147 का प्रावधान कर अपराध को शमनीय बनाने का उद्देश्य पक्षकारों के बीच समझौते के अवसर उत्पन्न कर पक्षकारों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराना रहा है। ***दामोदर एस. प्रभु विरूद्ध सैय्यद बाबालाल एच., ए.आई.आर. 2010 एससी 1907*** के न्याय दृष्टांत में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न निर्देश जारी करते हुये प्रारंभिक स्टेज पर ही मामले में समझौते के प्रयास की प्रवृत्ति अपनाने पर बल दिया है। ***सी.सी. अलावी हाजी विरूद्ध पाला पेटी मोहम्मद, ए.आई.आर. 2007 एससी (सप्लीमेंट) 1705*** के प्रकरण में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी प्रतिपादित किया है कि यदि धारा 138 (1) (बी) के अधीन अभियुक्त को नोटिस नहीं मिली है तो भी समंस मिलने के बाद वह न्यायालय में उपस्थित होकर चेक की राशि का भुगतान कर सकता है और ऐसा करने की अनुमति दी जा सकती है।

इंडियन बैंक एसोसिएशन (पूर्वोक्त) वाले मामले में आगे यह प्रतिपादित किया गया है कि समंस में यह निर्देश दिया जाना चाहिये कि अभियुक्त प्रथम सुनवाई में अपराध के शमन हेतु आवेदन कर सकता है और यदि आवेदन प्रस्तुत किया जाता है तो उस पर यथा उचित आदेश पारित किया जा सकता है। यहां भी समझौते द्वारा प्रकरण के निराकरण की संभावना तलाशने और उस पर बल देने का अभिमत माननीय सर्वोच्च न्यायालय का रहा है।

समझौते में दोनों पक्षों की सहमति आवश्यक है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब अभियुक्त समझौता करने को तैयार हो और परिवादी पक्ष किन्हीं कारणों से समझौता करने को इच्छुक न हो। इस समस्या पर विचार करते हुये माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने धारा 138 को परक्राम्य लिखत अधिनियम में अधिनियमित करने के उद्देश्यों को पुनः रेखांकित करते हुए ***मेसर्स मीटर्स एण्ड इंस्ट्रूमेंट्स*** (पूर्वोक्त) के न्यायदृष्टांत में प्रतिपादित किया है कि संविधि का मूल उद्देश्य संव्यवहारों में चेक की विश्वसनीयता को बढ़ाना और लेखीवाल को दंडित किये बिना चेक पाने वाले अर्थात् परिवादी को यथासंभव शीघ्र उपचार उपलब्ध कराना है। न्यायालय को परिवादी और अभियुक्त के

अधिकारों में संतुलन स्थापित करते हुये न्याय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना होगा। ध्यान देना होगा कि दोषी को यथासंभव शीघ्रता से अवश्य दंडित करना है और जो विधि का पालन करने वाले हैं, उन्हें अनावश्यक रूप से लंबे समय तक कार्यवाहियों में उलझाकर नहीं रखना है।

इन्हीं उद्देश्यों के प्रकाश में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने आगे प्रतिपादित किया कि धारा 143 विवक्षित रूप से मजिस्ट्रेट को यह अधिकार प्रदान करती है कि इस बात से संतुष्ट होने पर कि न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित चेक की राशि, ब्याज और वाद व्यय की उचित राशि अभियुक्त द्वारा परिवादी को प्रदान कर दी गई है, तो मजिस्ट्रेट न्याय हित में अभियुक्त को उन्मोचित कर दे। इस प्रकार का निर्वचन विधायिका के आशय के अनुरूप होगा। इस तरह जब अभियुक्त का आचरण युक्तियुक्त हो तथा क्षतिपूर्ति द्वारा परिवादी को न्याय की पूर्ति होती हो, ऐसी दशा में धारा 143 परक्राम्य लिखत अधिनियम सहपठित धारा 258 दं.प्र.सं. का प्रयोग करते हुये कार्यवाही को समाप्त किया जा सकता है।

मेसर्स मीटर्स एण्ड इंस्ट्रूमेंट्स (पूर्वोक्त) वाले इसी मामले में ***इंडियन बैंक एसोसिएशन*** (पूर्वोक्त) के मामले में दिये गये निर्देशों को वर्णित करते हुये माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने परिवाद के कुछ घटकों और संबंधित प्रक्रिया आदि के संबंध में निर्देश दिये है। इन दोनों प्रकरणों एवं आर विजयन (पूर्वोक्त) में दिये गये निर्देशों से धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के मामलों की कार्यवाही एवं विचारण के संबंध में एक सुस्पष्ट और सारगर्भित प्रक्रिया प्रकट होती है जो इस प्रकार हैः-

1. धारा 138 के अधीन प्रस्तुत किये गये प्रत्येक परिवाद में यह वांछनीय है कि परिवादी अपने बैंक का एकाउंट नंबर और बैंक का विवरण दर्शित करे और यदि हो तो अपना ई-मेल आई.डी. दर्शित करे।
2. यदि संभव हो तो अभियुक्त का ई-मेल आई.डी. दर्शित किया जाये। यदि अभियुक्त के बैंक के पास अभियुक्त का ई-मेल आई.डी. उपलब्ध हो तो बैंक से वांछा किये जाने पर अभियुक्त का ई-मेल आई.डी. चेक धारक (Payee) को प्रदान करेगा।
3. सभी विवरण सहित परिवाद के साथ जब धारा 145 के अनुसार शपथ पत्र और आवश्यक दस्तावेज, अनादरित चेक, सूचना पत्र व बैंक स्लिप प्रस्तुत किये जाते हैं और इन सभी के परिशीलन से धारा 138 का अपराध गठित होता है तो मजिस्ट्रेट अपराध का संज्ञान लेकर अभियुक्त को समंस जारी करेगा।
4. धारा 145 के अधीन प्रस्तुत किया गया शपथ पत्र प्रकरण की सभी कार्यवाहियों और विचारण में साक्ष्य के रूप में पढ़ा जायेगा।
5. समंस का निर्वाह डाक, कुरियर अथवा ई-मेल के माध्यम से किया जायेगा और समंस के निर्वाह हेतु पुलिस सहायता भी ली जा सकती है।
6. अभियुक्त को भेजे जाने वाले समंस में यह दर्शित किया जायेगा कि अभियुक्त यदि समंस में दर्शाई गई चेक की राशि और न्यायालय द्वारा अभिनिश्चित ब्याज व वाद व्यय की राशि निश्चित दिनांक तक परिवादी द्वारा बताये गये खाते में जमा कर देता है और ई-मेल/डाक द्वारा परिवादी और न्यायालय को इस प्रकार राशि जमा करने की सूचना दे देता है तो अन्यथा आदेशित किये जाने के सिवाय अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक न होगा।

7. जहां अभियुक्त द्वारा उपरोक्त प्रकार से समंस में अंकित राशि परिवादी द्वारा बताये गये खाते में जमाकर परिवादी और न्यायालय को सूचना दे दी जाती है वहां परिवादी द्वारा उठाई गई वैध आपत्तियों (यदि कोई हो) को सुनने और निराकृत करने के पश्चात् न्यायालय जब तक प्रकरण में आगे कार्यवाही करना उचित न समझे, प्रकरण की कार्यवाही समाप्त कर अभियुक्त को उन्मोचित कर देगा।
8. जहां परिवादी द्वारा उठाई गई आपत्ति के दृष्टिगत आगे सुनवाई आवश्यक हो वहां अभियुक्त की उपस्थिति की वांछा की जायेगी।
9. समुचित मामलों में न्यायालय धारा 205 दं.प्र.सं. की शक्तियों का प्रयोग करते हुये अभियुक्त को व्यक्तिशः उपस्थिति से अभिमुक्ति दे सकता है।
10. समंस में यह भी अपेक्षा की जायेगी कि यदि अभियुक्त उपरोक्त प्रकार से समंस में दर्शाई गई राशि जमा नहीं करता है तो वह सुनवाई हेतु नियत दिनांक को न्यायालय में उपस्थित हो एवं विचारण के दौरान अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के प्रयोजन से न्यायालय द्वारा बताई गई राशि का प्रतिभू सहित/रहित बंध पत्र प्रस्तुत करे।
11. प्रकरण में सामान्यतः संक्षिप्त प्रक्रिया का अनुसरण किया जायेगा जब तक कि प्रकरण के विशिष्ट तथ्यों, परिस्थितियों और अभियुक्त के आचरण आदि के साथ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357 (1) (बी) और 357 (3) पर विचार कर लेने के बाद मजिस्टेªट का यह अभिमत न हो कि एक वर्ष से अधिक कारावास किया जाना आवश्यक होगा।
12. अभियुक्त की उपस्थिति उपरांत प्रथम सुनवाई दिनांक को अपराध की विशिष्टियाँ बताई जायेंगी। जहां अभियुक्त परिवाद का प्रतिवाद करना चाहता है वहां अभिवाक् अंकित करते समय यह वांछा की जायेगी कि वह आवश्यक रूप से अपनी प्रतिरक्षा विशिष्टतः प्रकट करे। न्यायालय को यह अधिकार होगा कि वह उसी प्रक्रम पर अभियुक्त से उसकी अभिरक्षा के संबंध में विशिष्ट प्रश्न पूछ सके।
13. अभियुक्त जब अपराध अस्वीकार करता है तब यदि वह धारा 145 (2) के अधीन प्रतिपरीक्षण हेतु साक्षियों को बुलाने हेतु आवेदन नहीं करता है, प्रकरण प्रतिरक्षा साक्ष्य के लिये नियत किया जायेगा।
14. जहां अभियुक्त ने परिवादी साक्षियों के प्रतिपरीक्षण हेतु आवेदन किया है वहां परिवादी को निर्देशित किया जायेगा कि वह आगामी तिथि पर साक्षियों को आवश्यक रूप से प्रतिपरीक्षण हेतु उपस्थित रखे और उसके बाद प्रतिरक्षा साक्ष्य हेतु अभियुक्त से अपने साक्षियों को उपस्थित रखने हेतु स्पष्ट निर्देश दिये जायेंगे।
15. न्यायालय द्वारा, यदि शीघ्रगामी प्रक्रिया संभव हो तो दिन प्रतिदिन सुनवाई का अवलंबन लिया जायेगा ताकि विचारण 6 माह की अवधि में पूरा हो जाये।
16. विचारण कार्यवाही के दौरान न्यायालय द्वारा पक्षकारों के बीच समझौते की संभावना को तलाशने का भी प्रयास किया जाना अपेक्षित होगा।

17. अभिवाक् सौदा (Plea Bargaining) के उपबंधों का सहारा भी विचारण कार्यवाही के लिये लिया जा सकता है।

18. अभिवाक् सौदा (Plea Bargaining) या समझौते के प्रयास भी इस प्रकार किये जाने चाहिये कि प्रकरण के विचारण में विलंब कारित न हो और विचारण शीघ्रता पूर्वक किया जा सके।

विशिष्ट प्रक्रिया-सुझाव

उपरोक्त दिशानिर्देशों एवं प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु विधायिका की मंशा को देखते हुये परिवाद की प्रस्तुति के समय से ही समग्र तथ्यों पर विशिष्ट ध्यान दिया जाना न्यायिक मजिस्ट्रेट के लिये अनिवार्य होगा।

(i) सर्वप्रथम न्यायालय शुल्क की पर्याप्तता पर ध्यान देना होगा और कम न्यायालय शुल्क अदा कर शेष न्यायालय शुल्क अदा करने हेतु लंबा समय लेकर मामले की प्रक्रिया को खींचने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा। ध्यान देना होगा कि न्यायालय शुल्क की अनुपलब्धता पहले की तरह शाश्वत् बचाव नहीं रह गया है। न्यायालय शुल्क का भुगतान आॅन-लाईन किया जा सकता है और उसे न्यायालय द्वारा प्रमाणित भी किया जा सकता है। अतः ऐसी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये पक्षकार को आन-लाईन न्यायालय शुल्क अदा करने के लिये निर्देश कर सकता है।

(ii) पार्टनरशिप फर्म या निगमित निकायों द्वारा अथवा उनके विरूद्ध प्रस्तुत मामलों की दशा में अधिनियम की धारा 141 एवं ***अनीता हाडा. विरूद्ध गाॅड फादर ट्रवेल्स एवं टूर्स प्रायवेट लि., ए.आई.आर. 2012 सु. को. 2795*** में प्रतिपादित सिद्धांतों की ओर ध्यान देकर सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि परिवाद में प्रारूपिक त्रुटि तो नहीं है जो बाद में विवाद का कारण बने। यदि ऐसी कोई प्रारूपिक त्रुटि हो तो उसे प्रांरभिक स्तर पर ही ध्यान देकर ठीक कराया जाना चाहिये।

(iii) पूर्व में वर्णित दिशानिर्देशों के बिन्दु क्रमांक 6 से यह स्पष्ट है कि जब परिवाद प्रस्तुत होता है और अपराध का संज्ञान ले लिया जाता है तब समंस जारी करने के पहले मजिस्टेªट को विचार करना होगा कि चेक की राशि के संबंध में किस दर से कितना ब्याज और कितना वाद व्यय दिलाना होगा। तब ही समंस में अभियुक्त द्वारा जमा की जाने वाली राशि का उल्लेख संभव हो सकेगा। इसके लिये मेरे विनम्र मत में, उचित प्रक्रिया यह होगी कि परिवादी या उसके अधिवक्ता से इस संबंध में पंजीयन के समय ही पूछ लिया जाये कि न्यायालय शुल्क, अधिवक्ता शुल्क एवं परिवाद प्रस्तुत करने में टाईपिंग आदि का कितना व्यय हुआ है और वे ब्याज मद में कितनी राशि की अपेक्षा करते हैं। उनके प्रस्ताव पर न्यायिक रूप से विचार करते हुये परिवादी को स्वीकार होने वाली राशि तय कर ली जाये। आर. विजयन के न्याय दृष्टांत में बताई गई ब्याज दर को देखते हुये 9 प्रतिशत वार्षिक उचित ब्याज दर होगी। इस प्रकार तय की गई राशि का उल्लेख आदेश पत्रिका में कर लिया जाये जिससे बाद की तिथियों में ब्याज या खर्चे के बारे में आपत्तियाँ उत्पन्न न हों और अभियुक्त द्वारा समंस में लिखी प्रथम शर्त का पालन कर दिये जाने पर मामले को समाप्त करने की कार्यवाही की जा सके। इन निर्देशों के पालन में जारी किये जाने वाले समंस का एक प्रारूप प्रस्तावित किया जाता है जिसकी मदद यथा उचित फेरफार के साथ न्यायालयों द्वारा ली जा सकती है।

(iv) इसी तरह प्रकरण पंजीबद्ध होते समय ही अभियुक्त पर शीघ्रतापूर्वक समन निर्वाह के उपायों पर ध्यान दिया जाना आवश्यक होगा। वे उपाय इस प्रकार हो सकते हैं-

(1) परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 का अपराध संज्ञेय अपराध नहीं हैं। अतः नियम एवं आदेश (आपराधिक) के नियम क्रमांक 546 एवं 548 के प्रकाश में समन हेतु आदेशिका शुल्क दिया जाना आवश्यक है। दिशा निर्देशों से प्रकट होने वाले समन के प्रारूप से स्पष्ट है कि प्रथम बार में अभियुक्त के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं किया जाना चाहिये इसलिये उचित होगा कि पंजीयन के समय ही परिवादी से परिवाद पत्र, शपथ पत्र एवं दस्तावेजों की समुचित संख्या में प्रतियों के साथ आवश्यक आदेशिका शुल्क (तलवाना) एवं पावती सहित पंजीकृत डाक का डाक व्यय ले लिया जाये। इससे अभियुक्त के विरूद्ध समन जारी करने की प्रक्रिया में विलंब न होगा।

(2) दिशा निर्देश के बिन्दु क्रमांक 5 में वर्णित समन तामील की रीतियों को व्यवहारिक एवं प्रभावी रूप देने के लिये ऐसी प्रक्रिया अपनाई जा सकती है कि अभियुक्त यदि मजिस्ट्रेट की स्थानीय अधिकारिता से बाहर रहने वाला हो अथवा अभियुक्त कोई फर्म या निगमित इकाई हो तो समन तामील पंजीकृत डाक से अथवा यदि ई-मेल एड्रेस उपलब्ध हो तो ई-मेल द्वारा कराई जाये। अन्य परिस्थितियों में समन तामील के लिये पुलिस की सहायता के विकल्प का प्रयोग किया जाये।

(3) ई-मेल से समन भेजने की प्रक्रिया यह होगी कि जिला न्यायालय की कार्यालयीन ई-मेल आई.डी. के माध्यम से अभियुक्त के ई-मेल एड्रेस पर समन प्रेषित किया जायेगा। ई-मेल प्रेषित करते समय प्राप्ति सूचना (Receipt Information) के विकल्प को चुना जाना चाहिए और (On Read) (On Delivery) पर क्लिक करने से अभियुक्त को मेल प्राप्त हो जाने एवं पढ़े जाने पर न्यायालय के ई-मेल आई.डी. में स्वमेव सूचना प्राप्त होगी। ई-मेल आई.डी. सही रूप से प्रेषित हुई है या नहीं इस संबंध में हेडर (Header) की मदद ली जा सकती है। इस तरह सूचनाएँ प्राप्त होने पर साक्ष्य अधिनियम की धारा 88-क के अधीन न्यायालय द्वारा सम्यक् उपधारणा की जा सकती है।

(4) म.प्र. आपराधिक नियम के अंतर्गत हांलाकि असंज्ञेय अपराध से संबंधित प्रकरण में आदेशिका जारी किये जाने हेतु उल्लेखित शुल्क दिया जाना आवश्यक है परन्तु विशेष परिस्थितियों में न्यायालय अथवा उसके कर्मचारी के लोभ के कारण आदेशिका जारी न किये जाने, न्यायालय की निर्वहन संस्था पुलिस की उदासीनता, लोक अथवा उपेक्षा के कारण निष्पादन न होने अथवा आदेशिका को नियत दिनांक पर प्रस्तुत ही न किये जाने की दशा में सिविल न्यायालय नियम 420 (ख) में वर्णित उपबंधों से मार्गदर्शन प्राप्त पुनः तलवाना दिया जाना आवश्यक नहीं है। इस संबंध में न्यायालय सकारण आदेश पारित कर शुल्क से अभिमुक्ति प्रदान कर सकता है।

(5) समन तामील के उपरांत यदि अभियुक्त कोई राशि जमा नहीं करता है और उपस्थित भी नहीं होता है तब दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 87 के अधीन जमानतीय / गैरजमानतीय वारंट की स्थिति उत्पन्न होगी। यहां तलवाने की आवश्यकता के संबंध में ***अयोध्या***

प्रिंटर्स लिमिटेड विरूद्ध स्टेट आफ केरल, (क्रिमिनल रिविजन क्रमांक 1003 /2015 निर्णय दिनांक 22.09.2015 = (2015) 4 केरला ला टाईम्स 251) के न्यायदृष्टांत से मार्गदर्शन प्राप्त होता है। इस न्यायदृष्टांत में प्रतिपादित किया गया है कि धारा 87 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अधीन जारी आदेशिकाओं में आदेशिका शुल्क की आवश्यकता नहीं होती है। इसी तरह यदि अभियुक्त एक बार उपस्थित होने और प्रतिभू सहित/रहित बंधपत्र प्रस्तुत करने बाद यदि फरार हो गया है तब भी धारा 446 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अधीन कार्यवाही करने और अभियुक्त के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी करने हेतु आदेशिका शुल्क की आवश्यकता न होगी।

(v) इसी तरह उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 12 के संदर्भ में ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि अपराध अस्वीकार करने की दशा में एक सामान्य सा अभिवाक् पर्याप्त न होगा। अभियुक्त पर दायित्व डाला गया है कि वह अपना अभिवाक् अपराध विवरण बताये जाने के समय ही विशिष्टतः अभिकथित करे और प्रकट करे। यदि अभियुक्त ऐसा नहीं करता है तब मजिस्ट्रेट पर दायित्व डाला गया है कि वह अभियुक्त से इस संबंध में प्रश्न पूछे और उसके द्वारा बताई गई बात को लिखे। मेरे विनम्र मत में अभियुक्त का अभिवाक् अंकित करते समय अभियुक्त से सामान्य प्रश्नोत्तर करते हुये उसके बचाव को स्पष्ट कर लेना चाहिये कि क्या प्रश्नगत चेक अभियुक्त के बैंक खाते का है, क्या उक्त चेक पर अभियुक्त के जारीकर्ता के रूप में हस्ताक्षर हैं, क्या अभियुक्त ने उक्त चेक परिवादी को प्रदत्त किया था, क्या अभियुक्त ने ऐसा, किसी ऋण अथवा अन्य दायित्व के उन्मोचन हेतु किया था, यदि नहीं तो उसके उत्तरों का आधार क्या है ? इसके लिय दं.प्र.सं. की धारा 313 (1)(क) के अधीन उपबंधित शक्तियों का प्रयोग भी किया जा सकता है।

(vi) अपराध की विशिष्टियाँ बताये जाने और विस्तृत विनिर्दिष्ट अभिवाक् अंकित करने के बाद प्रकरण सीधे परिवादी साक्षियों से प्रतिपरीक्षण के लिये नियत न होगा बल्कि अभियुक्त को आवेदन करना होगा कि वह परिवादी साक्षियों से प्रतिपरीक्षण चाहता है और ऐसा आवेदन करने पर ही परिवादी साक्षियों को प्रतिपरीक्षण के लिये आहूत करना होगा। यदि अभियुक्त साक्षियों को प्रतिपरीक्षण हेतु आहूत करने का आवेदन प्रस्तुत करता है तो न्यायालय परिवादी साक्षियों को आहूत कर प्रतिपरीक्षण करायेगा, तद्उपरांत अभियुक्त परीक्षण, बचाव साक्ष्य, अंतिम तर्क आदि की कार्यवाही निर्देशित अवधि के भीतर पूर्ण कर प्रकरण को निराकृत किया जाना अपेक्षित है।

उपसंहार

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा परक्राम्य लिखित अधिनियम में उपबंधित अपराध से संदर्भित विनिर्दिष्ट प्रक्रिया प्रतिपादित करते हुए दिशा निर्देश जारी किये गये है जिनका अधिनियम के उद्देश्यों के उचित परिप्रेक्ष्यों में पूर्णतः से परिपालन किया जाना बाध्यकारी है। विचारण के विभिन्न स्तरों पर होने वाले प्रक्रियात्मक विलंब को हटाकर इन प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा सकता है। आवश्यकता मात्र सार्थक प्रयास करने की है।

•

(समन का प्रारूप)

न्यायालय ..... न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, ...

म.प्र.

प्रकरण क्रमांकः प्रोसेस क्रमांकः

समन अंतर्गत धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1882

प्रति,

.....

.....

जो कि परिवादी ..... ने आपके द्वारा विधिक दायित्व/ऋण के भागिक/पूर्ण उन्मोचन में जारी चेक क्रमांक ..... दिनांक ..... राशि ..... के बावत् परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1882 की धारा 138 के अधीन परिवाद (जिसकी प्रतिलिपि संलग्न है) प्रस्तुत किया है जिसका संज्ञान इस न्यायालय द्वारा लिया जा चुका है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप स्वयं (या यथास्थिति प्लीडर द्वारा) दिनांक .....को ठीक 11:00 बजे दिन इस न्यायालय में उपस्थित हों और यह भी कि इसके बाद की सुनवाई तारीखों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के प्रयोजन से ..... रूपये का प्रतिभू सहित/रहित बंधपत्र व जमानत प्रस्तुत करें। इसमें चूक न हो।

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप चेक की राशि और ब्याज तथा वाद व्यय की राशि के मद में कुल ..... रूपये की राशि परिवादी द्वारा बताये गये खाता क्रमांक ..... आई.एफ.एस.सी. कोड ..... बैंक का विवरण ..... में जमा कर देते हैं और ऐसे राशि जमा करने की सूचना उपरोक्त वर्णित दिनांक के पूर्व परिवादी को उसके द्वारा दिये गये पते पर और इस न्यायालय को दे देते हैं तो आपकी व्यक्तिशः उपस्थिति आवश्यक न होगी और परिवाद को समाप्त किया जायेगा। सूचित किया जाता है कि यदि आप प्रथम अथवा प्रारंभिक सुनवाई तिथियों में समझौता नहीं करते हैं तो विचारण के पश्चातवर्ती प्रक्रम पर समझौता करने पर चेक की राशि का 10 प्रतिशत शमन शुल्क आपसे वसूलनीय होगा।

यह आज दिनांक ..... को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मजिस्ट्रेट

•

बालक न्यायालय - अधिकारिता, शक्ति और सीमाएं

अवधेश कुमार गुप्ता
वरिष्ठ संकाय सदस्य
म.प्र. राज्य न्यायिक अकादमी, जबलपुर

1. पृष्ठभूमि

16 दिसम्बर, 2012 की सर्द रात्रि को देश की राजधानी दिल्ली में एक युवती के साथ सामूहिक बलात्संग की लोमहर्षक घटना का स्मरण करें जिसने समूचे राष्ट्र को स्तब्ध, आक्रोशित और आंदोलित कर दिया था। इन आक्रोशजनित प्रदर्शनों ने भारत की संसद को न केवल यौन अपराधों संबंधी विद्यमान विधि को आपराधिक विधि (संशोधन) अधिनियम, 2013 के माध्यम से परिवर्तित करने के लिए विवश किया वरन् किशोर न्याय (बालकों की देखरेख तथा संरक्षण) अधिनियम, 2000 के यथा विद्यमान प्रावधानों पर पुनर्विचार करने के लिए बाध्य किया। कारण यह था कि उक्त घटना में संलिप्त व्यक्तियों में से एक व्यक्ति 18 वर्ष से न्यून वय का (16 से 18 वर्ष के मध्य) अर्थात् किशोर था। उसे सामान्य आपराधिक न्यायालय में अभियोजित नहीं किया जा सकता था क्योंकि वह किशोर न्याय (बालकों की देखरेख तथा संरक्षण) अधिनियम, 2000 के प्रावधानों से आवृत्त एवं संरक्षित था। भारतीय संसद के समक्ष जहां एक ओर किशोर न्याय से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताएं थीं वहीं दूसरी ओर एक भारी जनमत की आकांक्षा जिसका यह आग्रह था कि 16 वर्ष से 18 वर्ष की वय के बालकों का विचारण सामान्य आपराधिक न्यायालयों द्वारा किया जाकर उन्हें दण्डित किया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता एवं जनमत परस्पर प्रतिकूल थे। इन प्रतिकूल परिस्थितियों में भारतीय संसद ने विद्यमान किशोर न्याय (बालकों की देखरेख तथा संरक्षण) अधिनियम, 2000 को निरसित करते हुए नवीन किशोर न्याय (बालकों की देखरेख तथा संरक्षण) अधिनियम, 2015 (जिसे अत्र पश्चात् 'अधिनियम' से संबोधित किया जाएगा) अधिनियमित किया। यह अधिनियम 15 जनवरी 2016 से प्रवृत्त हुआ। इस अधिनियम के अधीन 16 वर्ष से 18 वर्ष की वय के बालकों द्वारा कारित जघन्य अपराधों के कतिपय परिस्थितियों में विचारण हेतु एक नए न्यायालय जिसे अधिनियम में 'बालक न्यायालय' पद से अभिहित किया गया है, का गठन किया गया है। ऐसे बालक न्यायालय को अधिनियम में वर्णित बालकों के प्रति कतिपय अपराधों एवं किशोर न्याय बोर्ड एवं समिति के आदेशों के विरूद्ध अपील की अधिकारिता से युक्त किया गया है। अधिनियम की धारा 110 (1) के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख तथा सरंक्षण) आदर्श नियम, 2016 (जिसे अत्र पश्चात् 'नियम' से संबोधित किया जाएगा) निर्मित किए हैं।

2. बालक न्यायालय

अधिनियम की धारा 2 (20) के अनुसार -

> ''बालक न्यायालय' से बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के अधीन स्थापित कोई न्यायालय या लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अधीन कोई विशेष न्यायालय, जहाँ कहीं विद्यमान हो, और जहाँ ऐसे न्यायालयों को अभिहित नहीं किया गया है, वहाँ इस अधिनियम के अधीन अपराधों का विचारण करने की अधिकारिता रखने वाला सेशन न्यायालय अभिप्रेत है।''

इस प्रकार 2015 के अधिनियम के अधीन अनुध्यात् बालक न्यायालय ऐसा न्यायालय है-

1. जो बालक अधिकार संरक्षण अधिनियम 2005 के अधीन स्थापित किया गया है अथवा
2. जो लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 28 के अधीन स्थापित विशेष न्यायालय है अथवा
3. जहाँ ऐसे न्यायालय नहीं हैं वहाँ अपराधों को विचारण करने की अधिकारिता रखने वाला सेशन न्यायालय बालक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा-25 के अधीन बालक अधिकारों के उल्लंघन और बालकों के विरूद्ध अपराधों के त्वरित विचारण हेतु किसी सेशन न्यायालय को बालक न्यायालय के रूप में अधिसूचित करने के लिए राज्य सरकार सशक्त है।

मूल प्रावधान इस प्रकार है -

> ***"25. Childrens Courts .*** *For the purpose of providing speedy trial of offences against children or of violation of child rights, the State Government may, with the concurrence of the Chief Justice of the High Court, by notification, specify at least a Court in the State or specify, for each district, a Court of Session to be a Children's Court to try the said offences:*
>
> *Provided that nothing in this section shall apply if*
>
> *(a) a Court of Session is already specified as a special Court; or*
>
> *(b) a special Court is already constituted, for such offences under any other law for the time being in force."*

इस प्रावधान के अधीन म.प्र. सरकार द्वारा प्रत्येक सेशन न्यायालय को 'बालक न्यायालय' के रूप में अधिसूचित किया गया है। सुसंगत अधिसूचना निम्नवत् है -

मध्यप्रदेश शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग

अधिसूचना

भोपाल, दिनांक07.01.2011 फा. क्र. 17(ई)./38/2010/21-ब (एक) - बाल अधिकार आयोग अधिनियम, 2005 (2006 का 4) की धारा 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, म.प्र. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद् द्वारा, बालकों के विरूद्ध अपराधों अथवा बाल अधिकारों के अतिक्रमण के अपराधों का त्वरित विचारण का उपबंध करने के प्रयोजन के लिए राज्य के प्रत्येक सेशन खण्ड में, सेशन न्यायालय को, बाल न्यायालय के रूप विनिर्दिष्ट करता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

सही/-

यही न्यायालय लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा - 28 (1) के परंतुक के अधीन विशेष न्यायालय भी है।

इस प्रकार 2015 के अधिनियम की धारा 2 (20) के अधीन उपर्युक्त अधिसूचना के प्रकाश मेंम.प्र. राज्य में स्थित प्रत्येक सत्र न्यायालय 'बालक न्यायालय' है।

यह तथ्य ध्यातव्य है कि 2005 एवं 2012 के अधिनियमों के अधीन अनुध्यात बालक न्यायालय एवं विशेष न्यायालय बालकों के विरूद्ध अपराध कारित करने वाले व्यक्तियों के विचारण हेतु गठित हैं। ऐसे न्यायालयों में बालक साक्षियों की साक्ष्य अंकन आदि के संबंध में विचारण की विशेष प्रक्रिया उपबंधित करते हुए दोषियों को कठोर दण्ड दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके विपर्यय 2015 के अधिनियम के अधीन गठित बालक न्यायालय से बालक हितैषी वातावरण में कार्य करते हुए दोषी बालक के सुधार को एवं उसके सामाजिक पुनःसमेकन को लक्षित किया गया है। इस प्रकार बालक न्यायालय से एक ही समय में सुभिन्न या लगभग विपरीत मनःस्थिति में कार्य करने की अपेक्षा की गई है और इस गंभीर दायित्व के निर्वहन का भार बालक न्यायालय पर है।

3. अधिनियम का अध्यारोही प्रभाव
(Overriding Effect of the Act)

बालक न्यायालय को 16 वर्ष और उससे अधिक वय के बालकों द्वारा कारित जघन्य अपराधों के विचारण की अधिकारिता किशोर न्याय (बालकों की देखरेख तथा संरक्षण) अधिनियम, 2015 से प्राप्त होती है। यह न्यायालय इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन विहित विशेष प्रक्रिया का अनुपालन एवं अनुसरण करने के लिए आबद्ध है। इस अधिनियम के प्रावधान दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 सहित अन्य अधिनियमों के प्रावधानों पर अध्यारोही प्रभाव रखते हैं। इस संबंध में इस अधिनियम की धारा 1 (4) सुसंगत है। यह निम्नवत् है -

> ''1. संक्षिप्त नाम, विस्तार, प्रारंभ और लागू होना -
> (1) .....
> (2) .....
> (3) .....
> (4) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, इस अधिनियम के उपबंध देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों तथा विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों से संबंधित सभी मामलों में लागू होंगे, जिनके अंतर्गत, -
>
> **(i) विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों की गिरफ्तारी, निरोध, अभियोजन (Prosecution) शास्ति या कारावास (Penalty or imprisonment) पुनर्वास और समाज में पुनः मिलाना (Rehabilitation and social reintegration);**

(ii) देखरेख और संरक्षा के जरूरतमंद बालकों के पुनर्वासन, दत्तकग्रहण, समाज में पुनः मिलाने और वापसी की प्रक्रियाएं और विनिश्चय अथवा आदेश भी है।''

स्पष्ट है कि बालक न्यायालय द्वारा बालकों के संबंध में अनुसरित प्रक्रिया दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में वर्णित सुसंगत प्रक्रिया से उस सीमा तक भिन्न होगी जहां तक इस अधिनियम द्वारा ऐसी प्रक्रिया के संबंध में विशेष उपबंध किए हैं। पुनः यह भी कि बालक न्यायालय द्वारा बालकों द्वारा कारित जघन्य अपराधों के संबंध में दी जाने वाली शास्ति या कारावास के संबंध में इस अधिनियम में वर्णित प्रावधान ही प्रयोक्तव्य होंगे न कि अपराध का वर्णन करने वाले अधिनियम के। भारतीय दण्ड संहिता, 1860 सहित किसी अन्य अधिनियम में वर्णित अपराध के संबंध में विहित दण्ड केवल इस अधिनियम के अधीन विहित जघन्य अपराध के निर्धारण हेतु सुसंगत है, अन्य किसी प्रयोजन (यथा दंडाज्ञा) हेतु नहीं। उदाहरण स्वरूप किसी सोलह वर्ष अथवा उससे अधिक वय के बालक पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012के अधिनियम की धारा 6 के अधीन दण्डनीय गुरूत्तर प्रवेशन लैंगिक हमले का अपराध कारित करने का आरोप है । धारा 6 निम्नानुसार दण्ड विहित करती है-

''6. गुरूत्तर प्रवेशन लैंगिक हमले के लिये दण्ड - जो कोई गुरूत्तर प्रवेशन लैंगिक हमला कारित करेगा वह कठोर कारावास से जिसकी अवधि दस वर्ष से कम नहीं होगी किंतु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।''

उपर्युक्त धारा 6 में विहित दण्ड उक्त बालक द्वारा कारित अपराध अधिनियम की धारा 2 (33) में यथा विहित जघन्य अपराध था या नहीं इस हेतु तो निर्धारक होगा परंतु यदि बालक न्यायालय द्वारा उक्त बालक को ऐसे अपराध कारित करने का दोषी पाया जाता है तो उसकी शास्ति अथवा कारावास दिए जाने के संबंध में सुसंगत नहीं होगा। इस संबंध में केवल इस अधिनियम के प्रावधान ही लागू होंगे।

4. बालक न्यायालय द्वारा बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग

अधिनियम के अधीन बोर्ड को विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के संबंध में जो भी शक्तियां प्रदान की गई हैं उन सभी शक्तियों का प्रयोग बालक न्यायालय अधिनियम की धारा 8 (2) के अधीन अपीली अधिकारिता प्रयोग करते समय या धारा 19 के अधीन ऐसे बालक के विरूद्ध मामले का निराकरण करते समय या अन्यथा कर सकता है। धारा 8 (2) निम्नवत् है-

''(2) इस अधिनियम द्वारा उसके अधीन बोर्ड को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग उच्च न्यायालय और बालक न्यायालय द्वारा भी तब जब कार्यवाहियां अपील, पुनरीक्षण में या अन्यथा धारा 19 के अधीन उसके समक्ष आती हैं, किया जा सकेगा।''

यह उल्लेखनीय है कि अधिनियम की धारा 4 (2) एवं नियम 4 (1) के अधीन बोर्ड प्रधान मजिस्ट्रेट और दो सामाजिक कार्यकर्ताओं जिनमें से कम से कम एक महिला होगी द्वारा गठित एक

न्यायपीठ के रूप में होता है। चूंकि धारा 8 (2) के अधीन बालक न्यायालय को बोर्ड की सभी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए सशक्त किया गया है न कि प्रधान मजिस्ट्रेट अथवा सामाजिक कार्यकर्ताओं की अतएव बालक न्यायालय के लिए बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करते समय सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति/उनके सहभाग की कोई आवश्यकता नहीं है। बालक न्यायालय प्रधान मजिस्ट्रेट एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं समवेत गठित बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करने हेतु सशक्त है।

5. बालक न्यायालय की अधिकारिता

अधिनियम द्वारा बालक न्यायालय को दो प्रकार की अधिकारिता प्रदान की गई है - (1) अपीलीय अधिकारिता (2) आरंभिक अधिकारिता

(1) अपीलीय अधिकारिता-

धारा 101 बालक न्यायालय को अपीलीय अधिकारिता प्रदत्त करती है। साथ ही नियम 13 के कतिपय प्रावधान बालक न्यायालय द्वारा अपीली अधिकारिता के प्रयोग से संबंधित अन्य निर्देश विहित करते हैं।

धारा-101 इस प्रकार है -

"धारा 101 - अपीलें - (1) इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन रहते हुए, इस अधिनियम के अधीन समिति या बोर्ड द्वारा किए गए किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति, ऐसा आदेश किए जाने की तारीख से तीस दिन के भीतर, पोषण, देखरेख और प्रवर्तकता पश्च देखरेख संबंध समिति के ऐसे विनिश्चयों के सिवाय, जिनके संबंध में अपील होगी, बालक न्यायालय में अपील कर सकेगाः

परन्तु, यथास्थिति, बालक न्यायालय या जिला मजिस्ट्रेट, उक्त तीस दिन की उक्त अवधि के अवसान के पश्चात् अपील ग्रहण कर सकेगा, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी को पर्याप्त कारणों से समय पर अपील करने से निवारित किया गया था कि उस अपील का विनिश्चिय तीस दिन की अवधि के भीतर किया जाएगा।

(2) अधिनियम की धारा 15 के अधीन किसी जघन्य अपराध में प्रारम्भिक निर्धारण करने के पश्चात् पारित बोर्ड के आदेश के विरूद्ध अपील सत्र - न्यायालय के समक्ष होगी तथा अपील को विनिश्चित करते समय न्यायालय अनुभवी मनोवैज्ञानिकों और चिकित्सीय विशेषज्ञों की सहायता ले सकेगा जो उनसे भिन्न हों जिनकी सहायता बोर्ड द्वारा उक्त धारा के अधीन आदेश पारित करने में ली गई हो।

(3) निम्नलिखित के विरूद्ध कोई अपील नहीं होगी, -

(क) किसी बालक के संबंध में, जिसके बारे में यह अभिकथन है कि उसने जघन्य अपराध के अलावा कोई अपराध किया है जिसने 16 वर्ष की

आयु पूरी कर ली है अथवा 16 वर्ष की आयु से अधिक है बोर्ड द्वारा किया गया दोषमुक्ति का कोई आदेश; या

(ख) इस निष्कर्ष के संबंध में कि वह देखरेख और संरक्षण का जरूरतमंद बालक नहीं है, समिति द्वारा किया गया कोई आदेश।

(4) इस धारा के अधीन किसी अपील में पारित बालक न्यायालय के किसी आदेश के विरूद्ध कोई द्वितीय अपील नहीं होगी।

(5) बालक न्यायालय के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार उच्च न्यायालय के समक्ष अपील फाइल कर सकेगा।''

इस प्रावधान के अधीन कोई भी ''व्यथित व्यक्ति'' इस अधिनियम के अधीन बोर्ड या समिति द्वारा पारित आदेश की अपील बालक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। ऐसी अपील ऐसा आदेश पारित किए जाने की तिथि से 30 दिवस की अवधिपर्यंत की जा सकेगी। यद्यपि इस अवधि के अवसान उपरांत भी अपील ग्रहण की जा सकती है यदि न्यायालय का यह समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी ''पर्याप्त कारणों'' से विहित समयावधि में अपील करने से निवारित रहा था। दूसरे शब्दों में आदेश पारित होने की तिथि से तीस दिवस की अवधि अवसान उपरांत अपील प्रस्तुति हेतु धारा 101 (1) के परंतुक के अधीन विलंब के उपमर्षण ;ब्वदकवदंजपवद व िकमंसलद्ध की अनुज्ञा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए तथा न्यायालय का यह समाधान होने के पश्चात् ही अपील ग्रहण की जा सकेगी कि अपीलार्थी 'पर्याप्त कारण' से विहित अवधि में ऐसी अपील प्रस्तुत करने से निवारित रहा था।

कौन से आदेश अपीलनीय नहीं हैं -

बाल कल्याण समिति द्वारा पोषण देखरेख के संबंध में धारा 44 के अधीन पारित आदेश एवं प्रवर्तकता पश्च देखरेख के संबंध में धारा 45 के अधीन पारित आदेश बालक न्यायालय के समक्ष अपीलनीय नहीं है। ऐसे आदेशों के विरूद्ध अपील सुनने की अधिकारिता जिला मजिस्टेªट को है। इसके अतिरिक्त धारा-101(3) के अधीन निम्नलिखित आदेशों की कोई अपील नहीं होगी -

(i) सोलह वर्ष या अधिक वय के ऐसे बालक के संबंध में बोर्ड द्वारा किया गया दोषमुक्ति का आदेश जिस पर जघन्य अपराध कारित करने का आरोप नहीं था। (दूसरे शब्दों में 16 वर्ष या अधिक वय के बालक की जघन्य अपराध कारित करने के अभियोग से दोषमुक्ति का आदेश अपीलनीय है।)

(ii) समिति द्वारा इस संबंध में किया गया आदेश कि कोई बालक देखरेख और संरक्षण का जरूरतमंद है या नहीं ।

व्यथित व्यक्ति -

इस प्रावधान के अधीन कोई भी 'व्यथित व्यक्ति' अपील प्रस्तुत करने में सक्षम है। अधिनियम में 'व्यथित व्यक्ति' पद परिभाषित नहीं है। सामान्य भावबोध में 'व्यथित व्यक्ति' ऐसा व्यक्ति है जो बोर्ड

या समिति के आदेश से प्रभावित हुआ हो। ऐसे व्यक्ति में राज्य तथा बालक के अतिरिक्त तृतीय पक्ष (उदाहरणार्थ - पीड़ित पक्ष) भी सम्मिलित हो सकता है।

अपील के निराकरण की परिसीमा -

अपील का निराकरण तीस दिवस की अवधि के भीतर किया जाना चाहिए।

अपीलनीय आदेशों के संबंध में प्रक्रिया -

बालक न्यायालय के समक्ष विभिन्न आदेशों यथा बोर्ड द्वारा बालक को प्रतिभूति पर छोड़ने के आवेदन की अस्वीकृति, बोर्ड द्वारा बालक की आयु निर्धारित करने आदि आदेशों की अपील हो सकती है। ऐसे आदेशों के अतिरिक्त धारा - 15 (1) के अधीन बोर्ड द्वारा जघन्य अपराध के मामलों में प्रारंभिक निर्धारण के पश्चात् पारित आदेश, चाहे वह बोर्ड द्वारा ही निराकरण किए जाने से संबंधित हो अथवा बालक न्यायालय द्वारा वयस्क की भांति निराकरण किए जाने से संबंधित हो, अपीलीय हैं। ऐसे आदेश के विरूद्ध अपील का निराकरण करते समय धारा - 101 (2) में वर्णित विशेष प्रक्रिया का अनुसरण किया जा सकता है। यह प्रावधान विहित करता है कि ऐसी अपील विनिश्चित करते समय न्यायालय अनुभवी मनोवैज्ञानिकों एवं चिकित्सा विशेषज्ञों की सहायता यह निर्धारण करने में ले सकता है कि बालक की मानसिक तथा शारीरिक क्षमता ऐसा अपराध कारित करने की थी तथा वह आक्षेपित परिस्थितियों में अपराध के परिणामों को समझने की योग्यता रखता था। शर्त यह है कि ऐसे मनोवैज्ञानिक एवं चिकित्सा विशेषज्ञ उन व्यक्तियों से भिन्न हों जिसकी सहायता बोर्ड ने अपीलीय आदेश (आक्षेपित आदेश) पारित करने में ली हो।

यह ध्यातव्य है कि बालक की आयु घोषित करने वाले बोर्ड के आदेश अथवा बोर्ड द्वारा प्रारंभिक निर्धारण के निष्कर्षों के विरूद्ध अपील किए जाने की दशा में, यदि बालक न्यायालय को बोर्ड द्वारा मामला धारा 18 (3) के आदेश के साथ प्राप्त हो गया है, तो वह उस मामले में कार्यवाही तब तक अग्रसर नहीं करेगा जब तक कि ऐसी अपील का निराकरण नहीं हो जाता। दूसरे शब्दों में अपील का निराकरण पहले किया जाएगा। ऐसा किया जाना किशोर न्याय (बालकों की देखरेख तथा संरक्षण) आदर्श नियम, 2016 के नियम 13 (2) एवं 13 (3) के अधीन अपेक्षित है। अतएव सत्र न्यायाधीश से यह अपेक्षित है कि वह प्रारंभिक निर्धारण पश्चात् बोर्ड के आदेश अथवा बोर्ड द्वारा प्रारंभिक निर्धारण के निष्कर्षों के विरूद्ध प्रस्तुत अपील एक ही न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होना सुनिश्चित करे।

बोर्ड द्वारा किए गए प्रारंभिक निर्धारण के संबंध में निम्नलिखित स्थितियाँ हो सकती हैं -

(1) बोर्ड द्वारा प्रारंभिक निर्धारण में यह निष्कर्ष दिया गया हो कि मामले का निराकरण बोर्ड द्वारा किया जाना चाहिए न कि वयस्क के रूप में बालक न्यायालय द्वारा। यह आदेश धारा 15 (2) के परंतुक के अधीन अपीलीय है। ऐसे आदेश के विरूद्ध राज्य सहित अन्य व्यथित व्यक्ति द्वारा अपील प्रस्तुत की जा सकती है।

(2) बोर्ड द्वारा प्रारंभिक निर्धारण में यह निष्कर्ष दिया हो कि बालक का वयस्क के रूप में विचारण करने की आवश्यकता है और वह धारा 18(3) के अधीन

मामले के विचारण को विचारण की अधिकारिता रखने वाले बालक न्यायालय को अंतरित करने का आदेश देता है। ऐसे आदेश के निष्कर्षों के विरूद्ध बालक की ओर से अन्य आधारों सहित निम्नलिखित आधारों पर अपील में चुनौती दी जा सकती है -

(अ) बालक घटना दिनांक को 16 वर्ष अथवा अधिक वय का नहीं था। बालक न्यायालय द्वारा किया गया आयु निर्धारण त्रुटिपूर्ण है अतएव बालक न्यायालय द्वारा प्रारंभिक निर्धारण के संबंध में गलत अधिकारिता का प्रयोग किया गया है। बालक के घटना दिनांक को सोलह वर्ष से न्यून वय का होने से बालक न्यायालय को कोई अधिकारिता नहीं है।

(ब) बालक के विरूद्ध अभिकथित अपराध अधिनियम मे यथा परिभाषित जघन्य अपराध की श्रेणी में नहीं आता है।

(स) बालक द्वारा अपराध करने की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता, उसके द्वारा अपराध के परिणामों को समझने की योग्यता तथा उन परिस्थितियों जिनमें अपराध किया गया था, के संबंध में बोर्ड द्वारा त्रुटिपूर्ण निष्कर्ष अंकित किए गए हैं। बालक का वयस्क के रूप में विचारण किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है

यह भी उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त (स) में आने वाले मामलों में प्रारंभिक निर्धारण के निष्कर्षों के विरूद्ध अपील प्रस्तुत होने की दशा में बालक न्यायालय बोर्ड को मामले का अभिलेख वापस नहीं करेगा भले ही उसका निष्कर्ष यह रहा हो कि मामले का निराकरण वयस्कों की भांति किया जाना अपेक्षित नहीं है। ऐसी स्थिति में यदि बालक न्यायालय के पास अभिलेख नहीं हो तो वह अभिलेख बोर्ड से बुलाएगा। (देखें नियम 13 (5), 13 (6), 13 (7))

(2) आरंभिक अधिकारिता - अधिनियम के अधीन गठित बालक न्यायालय की आरंभिक अधिकारिता को दो वर्गों में रखा जा सकता है-

1. अधिनियम के अधीन बालकों के विरूद्ध ऐसे अपराध जो सात वर्ष से अधिक अवधि के कारावास से दण्डनीय हैं, का विचारण करने की अधिकारिता (देखें अधिनियम की धारा - 86)

इस वर्ग में आने वाले अपराधों को कारित करने वाला व्यक्ति बालक अथवा वयस्क हो सकता है। यदि इस वर्ग में आने वाले अपराध को किसी वयस्क व्यक्ति द्वारा कारित किया गया है तो उसके संबंध में दण्ड प्रक्रिया संहिता के सामान्य प्रावधान प्रयोज्य होंगे तथा संबद्ध मामला अधिकारिता रखने वाले न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रस्तुति उपरांत बालक न्यायालय को उपार्पित किया जाना चाहिए। तत्पश्चात् ही बालक न्यायालय ऐसे मामले में अपनी आरंभिक अधिकारिता का प्रयोग कर

सकता है। इस संबंध में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धाराओं 190, 209 एवं 193 के सामान्य प्रावधान अनुकरणीय हैं।

2. 16 से 18 वर्ष की वय के बालकों द्वारा कारित जघन्य अपराधों का विचारण करने की अधिकारिता।

(अ) इस वर्ग में आने वाले मामलों में बालक न्यायालय अधिकारिता की प्राप्ति - अधिनियम की धारा 2 (33) में यथा परिभाषित कोई जघन्य अपराध किसी ऐसे बालक ने कारित किया है, जिसने ऐसे अपराध को कारित करते समय सोलह वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है या जो सोलह वर्ष से अधिक आयु का है उसके संबंध में बालक न्यायालय को अधिकारिता दो माध्यमों से प्राप्त हो सकती है -

1. जब किशोर न्याय बोर्ड द्वारा ऐसे बालक के संबंध में अधिनियम की धारा-15 के अधीन उसके द्वारा कारित जघन्य अपराध के संबंध में प्रारंभिक निर्धारण करते हुए धारा - 18 (3) के अधीन यह आदेश पारित किया जाता है कि उक्त बालक का वयस्क के रूप में विचारण करने की आवश्यकता है और ऐसे आदेश के साथ मामले को बोर्ड द्वारा बालक न्यायालय को अंतरित कर दिया जाता है।

2. जब बालक न्यायालय के समक्ष अधिनियम की धारा 101 के अधीन किशोर न्याय बोर्ड द्वारा ऐसे बालक द्वारा कारित जघन्य अपराध के संबंध में धारा 15 के अधीन प्रारंभिक निर्धारण के पश्चात् बोर्ड द्वारा पारित आदेश की अपील की जाती है। अपीली न्यायालय के रूप में बालक न्यायालय चाहे यह अवधारित करे कि उस बालक के वयस्क के रूप में विचारण की आवश्यकता है अथवा ऐसी अवश्यकता नहीं है, दोनों ही स्थितियों में बालक न्यायालय द्वारा किशोर न्याय बोर्ड से उस मामले की फाइल बुलाने और बालक न्यायालय द्वारा ही उस मामले का निराकरण करने का आदेश दिया जाएगा। ऐसा अपीली आदेश बालक न्यायालय को मामले का निराकरण करने की अधिकारिता प्रदान करता है। देखें नियम - 13 (4) एवं 13 (5)

सार रूप में बालक न्यायालय को जघन्य अपराध कारित करने वाले 16 वर्ष या उससे अधिक वय के बालकों के मामलों का विचारण करने की अधिकारिता निम्नलिखित दो माध्यमों से प्राप्त होती है -

(अ) बोर्ड द्वारा धारा 15 के अधीन प्रारंभिक निर्धारण के पश्चात् धारा 18 (3) के अधीन ऐसे मामले के अंतरण के आदेश से।

(ब) बालक न्यायालय को धारा 15 के अधीन बोर्ड द्वारा पारित प्रारंभिक निर्धारण के विरूद्ध अपील किए जाने पर ऐसी अपील के आदेश के अधीन बोर्ड से मामले के विचारण हेतु फाइल आहूत करने के आदेश से ।

इस प्रकार बालक न्यायालय को बोर्ड द्वारा किए गए प्रारंभिक निर्धारण की अपील प्राप्त हो जाने पर वह अपील में बालक के वयस्क के रूप में विचारण किए जाने की आवश्यकता होने अथवा न होने संबंधी कोई भी अवधारण करे, उस मामले का निराकरण बालक न्यायालय द्वारा ही किया जाना चाहिए न कि बोर्ड द्वारा ।

बालक न्यायालय द्वारा बोर्ड को मामले की वापसी -

प्रश्न यह है कि क्या प्रारंभिक निर्धारण के पश्चात् बोर्ड द्वारा बालक के वयस्क के रूप में विचारण हेतु बालक न्यायालय को मामले के अंतरण अथवा ऐसे प्रारंभिक निर्धारण की अपील बालक न्यायालय को प्राप्त हो जाने के उपरांत बालक न्यायालय मामले को किसी भी परिस्थिति में निराकरण हेतु बोर्ड को भेजने के लिए सशक्त नहीं है ? इस प्रश्न का उत्तर बालक न्यायालय की अधिकारिता में ही निहित है। बालक न्यायालय की अधिकारिता आकर्षित होने के लिए निम्नलिखित अनिवार्य अपेक्षाएं हैं -

1. कारित अपराध अधिनियम की धारा - 2 (33) में यथा परिभाषित जघन्य अपराध हो। धारा - 2 (33) में जघन्य अपराध को निम्नवत् परिभाषित किया गया है -

   "जघन्य अपराध के अंतर्गत ऐसे अपराध आते हैं, जिसके लिए भारतीय दण्ड संहिता (1860 का 45) या तत्समय प्रवृष्त किसी अन्य विधि के अधीन न्यूनतम दण्ड सात वर्श्ष या उससे अधिक के कारावास का है।"

2. अपराध कारित करने वाला बालक अपराध कारित करते समय सोलह वर्ष या सोलह वर्ष से अधिक आयु का था।

   यह दोनों अपेक्षाएं एक साथ पूर्ण होनी चाहिए। यदि दोनों मे से कोई भी एक अपेक्षा पूर्ण नहीं होती है अर्थात कारित अपराध धारा 2 (33) में यथा परिभाषित जघन्य अपराध की कोटि में नहीं आता है अथवा अपील में बालक न्यायालय का यह अभिमत है कि घटना, दिनांक को बालक की आयु सोलह वर्ष से न्यून थी तो ऐसे मामले में बालक न्यायालय को विचारण की कोई अंतर्निहित अधिकारिता नहीं होगी। ऐसे मामले को निराकरण हेतु बालक न्यायालय द्वारा बोर्ड को वापस भेज देना चाहिए।

यदि उक्त दोनों अपेक्षाएं पूर्ण होने के पश्चात् बालक न्यायालय का चाहे अपील में या अन्यथा यह अभिमत है कि बालक के वयस्क के रूप में विचारण किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है तो

भी ऐसे मामले का विचारण करने की अधिकारिता बालक न्यायालय को ही रहेगी। ऐसे मामले को बालक न्यायालय द्वारा किसी भी स्थिति में बोर्ड को वापस नहीं किया जाएगा।

6. बोर्ड से मामला प्राप्त होने पर बालक न्यायालय द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया एवं शक्तियां

(i) संयुक्त कार्यवाही का प्रतिषेध प्रारंभिक सावधानी - बालक न्यायालय द्वारा सर्वप्रथम यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बालक के संबंध में न्यायालय द्वारा कोई भी कार्यवाही ऐसे व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से तो नहीं की जा रही है जो बालक नहीं है। यदि बालक न्यायालय द्वारा विधि का उल्लंघन करने वाले बालक का विचारण किसी ऐसे व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है जो बालक नहीं है तो उस बालक के संबंध में की गई ऐसी सम्पूर्ण कार्यवाही दूषित एवं अवैध होगी। अधिनियम की धारा 23 के अधीन बालक न्यायालय ऐसा करने से प्रतिषिद्ध है। धारा 23 निम्नवत् है -

> **"धारा 23 - विधि का उल्लंघन करने वाले किसी बालक और ऐसे व्यक्ति की जो बालक नहीं है, संयुक्त कार्यवाही का न होना -** (1) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 223 में या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी विधि का उल्लंघन करने वाले अभिकथित किसी बालक के साथ किसी ऐसे व्यक्ति की जो बालक नहीं है, संयुक्त कार्यवाही नहीं की जाएगी।
>
> (2) यदि बोर्ड द्वारा या बालक न्यायालय द्वारा जांच के दौरान विधि का उल्लंघन करने वाले अभिकथित व्यक्ति के बारे में यह पाया जाता है कि वह बालक नहीं है तो ऐसे व्यक्ति का किसी बालक के साथ विचारण नहीं किया जाएगा।"

यदि कोई मामला संयुक्त रूप से विचारित हो तो उसे अन्य वयस्क अभियुक्तों के मामले से पृथक किया जाना चाहिए और उसका पृथक पंजीयन किया जाकर अधिनियम में यथाविहित विशेष प्रक्रिया का अनुसरण कर मामले का निराकरण किया जाना चाहिए।

(ii) बोर्ड से प्रारंभिक निर्धारण प्राप्त होने पर प्रक्रिया -

बोर्ड से प्रारंभिक निर्धारण प्राप्त होने पर मामले में सीधे वयस्क के रूप में बालक का विचारण प्रारंभ नहीं किया जाना चाहिए। अधिनियम की धारा 19 (1) और नियम 13 (1) के अधीन बालक न्यायालय से यह अपेक्षित है कि वह इस संबंध में विनिश्चय करे कि क्या वयस्क के रूप में बालक के विचारण की अवश्यकता है अथवा नहीं। अधिनियम की धारा 19 (1) तथा आदर्श नियम, 2016 का नियम 13 (1) क्रमशः निम्नवत् है -

> ***"धारा 19 - बालक न्यायालय की शक्तियाँ - (1) अधिनियम की धारा 15 के अधीन बोर्ड से प्रारंभिक निर्धारण प्राप्त होने के पश्चात् बालक न्यायालय यह विनिश्चय कर सकेगा कि -***

(i) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के उपबंधों के अनुसार वयस्क के रूप में बालक के विचारण और इस धारा तथा धारा 21 के उपबंधों के अधीन रहते हुए बालक की विशेष जरूरतों, ऋजु विचारण के सिद्धान्तों तथा बालक अनुकूल वातावरण बनाए रखने पर विचार करते हुए, विचारण के पश्चात् समुचित आदेश पारित करने की आवश्यकता है; या

(ii) वयस्क के रूप में बालक के विचारण की कोई आवश्यकता नहीं है और बोर्ड के रूप में जांच की जा सकती है तथा धारा 18 के उपबंधों के अनुसार समुचित आदेश पारित किए जा सकते हैं।'

''नियम 13 - बालक न्यायालय और निगरानी प्राधिकरणों के संबंध में प्रक्रिया - (1) बोर्ड से प्रारंभिक निर्धारण प्राप्त हो जाने पर, बाल न्यायालय यह निर्णय ले सकेगा कि क्या वयस्क अथवा बालक के रूप में बालक के विचारण की आवश्यकता है और उपयुक्त आदेश पारित कर सकेगा।'

यद्यपि धारा 19 (1) एवं नियम 13 (1) में प्रयुक्त श्ठंलश् से ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसा विनिश्चय किया जाना वैवेकिक है न कि आज्ञापक, परंतु यदि अधिनियम की धारा 19 एवं नियम 13 की शेष योजना के आलोक में इन प्रावधानों को देखा जाए तो स्पष्ट होता है कि ऐसा विनिश्चय किया जाना आज्ञापक है न कि वैवेकिक। यदि बालक न्यायालय प्रारंभिक निर्धारण प्राप्त होने पर सीधे वयस्क के रूप में विचारण प्रारंभ कर देगा तो अधिनियम की धारा 19 (1) (पप) तथा नियम 13 (7) के प्रावधान निरर्थक हो जाएंगे और यह अधिनियम की भावना के प्रतिकूल होगा।

ऐसा विनिश्चय प्रारंभिक निर्धारण प्राप्त होते ही सर्वप्रथम किया जाना चाहिए, जब तक कि ऐसे निर्धारण को धारा 101 (2) के अधीन अपील में चुनौती न दी गई हो। ऐसा विनिश्चय किए बिना मामले को आरोप हेतु अग्रसर किया जाना अथवा आरोप के प्रक्रम पर आरोप के आदेश के साथ ऐसा विनिश्चय किया जाना विधिसंगत नहीं है। मामले को आरोप हेतु अग्रसर किए जाने का तात्पर्य है कि बालक न्यायालय ने विधि का उल्लंघन करने वाले बालक का विचारण वयस्क के रूप में (सत्र विचारण की प्रक्रिया द्वारा) करने का निर्णय ले लिया है और सुसंगत विनिश्चय औपचारिकता मात्र है।

ऐसा विनिश्चय मात्र औपचारिकता नहीं होना चाहिए। नियम 13 (6) के अधीन ऐसे विनिश्चय में बालक न्यायालय द्वारा विनिश्चय के कारण अभिलिखित किया जाना आज्ञापक है। नियम 13 (6) निम्नवत् है -

''13(6) बालक न्यायालय किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के समय इस बात के कारण अभिलिखित करेगा कि बालक का विचारण वयस्क के रूप में या बालक के रूप में किया जाना है।''

यह विनिश्चय धारा 102 के अधीन उच्च न्यायालय द्वारा पुनरीक्षणीय है। अतएव बालक न्यायालय से अपेक्षित है कि वह ऐसे विनिश्चय में बोर्ड द्वारा प्रारंभिक निर्धारण के संबंध में प्रेषित सामग्री एवं मामले के शेष अभिलेख के अधीन अपराध की परिस्थितियों पर विचार करते हुए स्वतंत्र निर्णय ले कि क्या मामले में विधि का उल्लंघन करने वाले बालक का वयस्क के रूप में विचारण किए जाने की आवश्यकता है अथवा नहीं। इस संबंध में बालक द्वारा अपराध करने की मानसिक और शारीरिक क्षमता, अपराध के परिणामों को समझने की योग्यता तथा अपराध किए जाने की परिस्थितियों के बारे में बोर्ड द्वारा लिए गए निष्कर्षों से बालक न्यायालय को प्रभावित नहीं होना चाहिए। बालक न्यायालय प्रधान मजिस्टेªट एवं सामाजिक सदस्यों से भिन्न अधिक अनुभवी एवं वरिष्ठ, सत्र न्यायाधीश पदमान के न्यायाधीश द्वारा अधिष्ठायित किया जाता है अतएव उसके द्वारा धारा 19 (1) एवं नियम 13 (1) के अधीन स्वतंत्र, अधिक तर्कसंगत व सकारण विनिश्चय किया जाना अपेक्षित है।

यह भी उल्लेखनीय है कि यह विनिश्चय धारा 101 (2) के अधीन प्रारंभिक निर्धारण के आदेश के विरूद्ध अपील में किए जाने वाले विनिश्चय से भिन्न है। धारा 101 (2) के अधीन अपील न्यायालय के रूप में बालक न्यायालय अनुभवी मनोवैज्ञानिकों और चिकित्सीय विशेषज्ञों की सहायता ले सकता है। यह सुविधा धारा 19 (1) एवं नियम 13 (1) के अधीन विनिश्चय के लिए उपलब्ध नहीं है। एतद् हेतु बोर्ड द्वारा प्रेषित अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री ही निर्धार्य होगी।

उपर्युक्त विनिश्चय किए जाने का प्रक्रम विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के संबंध में की जाने वाली कार्यवाहियों का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। इस स्तर पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए कि बालक का विचारण वयस्क की भांति किया जाए अथवा नहीं। इस संबंध में अधिनियम अथवा नियमों में कोई मार्गदर्शी सिद्धांत विहित नहीं किए गए हैं परंतु यह स्पष्ट है कि बालक का विचारण वयस्क की भांति किया जाना बालक न्यायिक व्यवस्था के सुस्थापित मानदण्डों से विचलन एवं अत्यंत आपवादिक एवं चरम उपाय है। इस आपवादिक चरम उपाय का उपयोग 16 दिसम्बर 2012 को दिल्ली में घटित मामले जैसे मामलों की परिस्थितियों में ही किया जाना युक्तिसंगत होगा। अन्य मामलों में यह विनिश्चय किया जाना चाहिए कि बालक का विचारण वयस्कों की भांति किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस हेतु हमें बालक न्यायालय के गठन की पृष्ठभूमि जो इस आलेख के प्रारंभ में लेख की गई है, का स्मरण रखना चाहिए। यांत्रिक रूप से प्रारंभिक निर्धारण द्वारा प्राप्त प्रत्येक बालक का यांत्रिक रूप से वयस्क की भांति विचारण किया जाना अधिनियम की बालक संरक्षण की संकल्पना के प्रतिकूल होगा।

(iii) बालक हितैषी वातावरण (Child friendly atomosphere) बालक न्यायालय से विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के संबंध में सभी प्रक्रियाओं का बालक हितैषी वातावरण में संपादित किया जाना आवश्यक है। अधिनियम की धारा 2 (15) में ''बालक हितैषी'' पद निम्नानुसार परिभाषित किया गया है -

''बालक हितैशषी'' से ऐसा कोई व्यवहार, आचरण, पद्धति, प्रक्रिया, रूख, पर्यावरण या बर्ताव अभिप्रेत है, जो मानवीय, विचारशील और बालक के सर्वोत्तम हित में हो;''

इस परिभाषा द्वारा बालक न्यायालय की कार्यप्रणाली, जिसका बालक हितैषी होना चाहिए के परिक्षेत्र को अत्यंत विस्तार दे दिया गया है। इसमें न केवल व्यवहार, आचरण व पद्धति सम्मिलित है वरन् रूख, पर्यावरण एवं बर्ताव भी है जिसके मानवीय, विचारशील तथा बालक के सर्वोत्तम हित में होना भी आवश्यक है।

'बालक के सर्वोत्तम हित' पद को अधिनियम की धारा 2 (9) में इस प्रकार परिभाषित किया गया है-

"बालक का सर्वोत्तम हित" से बालक के बारे में, उसके मूलभूत अधिकारों और जरूरतों, पहचान, सामाजिक कल्याण और भौतिक, भावनात्मक और बौद्धिक विकास के पूरा किए जाने को सुनिश्चित करने के लिए किए गए किसी विनिश्चय का आधार अभिप्रेत है;"

इस परिभाषा का मार्गदर्शन लिया जा सकता है ।

(iv) साधारण सिद्धांत - बालक न्यायालय द्वारा अधिनियम की धारा 3 में वर्णित निम्नलिखित साधारण सिद्धांतों का मार्गदर्शन लिया जाना भी अपेक्षित है -

"3. अधिनियम के प्रशासन में अनुसरित किए जाने वाले साधारण सिद्धांत-यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारें, बोर्ड और अन्य अभिकरण, इस अधिनियम के उपबंधों को क्रियान्वित करते समय निम्नलिखित मूलभूत सिद्धांतों द्वारा मार्गदर्शित होंगे, अर्थात्:-

(i) **निर्दोषिता की उपधारणा का सिद्धांतः** किसी बालक के बारे में, अठारह वर्ष की आयु तक, यह उपधारणा की जाएगी कि वह किसी असद्भावपूर्ण या आपराधिक आशय का दोषी नहीं है।

(ii) **गरिमा और योग्यता का सिद्धांतः** सभी मनुष्यों के साथ गरिमा और अधिकारों में समान बर्ताव किया जाना चाहिए।

(iii) **भाग लेने का सिद्धांतः** प्रत्येक बालक को सुने जाने का और उसके हितों को प्रभावित करने वाली सभी आदेशिकाओं और विनिश्चयों में भाग लेने का अधिकार प्राप्त है और बालक के दृष्टिकोण को बालक की आयु और परिपक्वता को सम्यक् ध्यान में रखते हुए विचार किया जाएगा।

(iv) **सर्वोत्तम हित का सिद्धांतः** बालक के संबंध में सभी विनिश्चय मुख्यतया इस प्रारम्भिक विचारणा पर आधारित होंगे कि वे बालक के सर्वोत्तम हित में हैं और बालक के लिए अपनी पूर्ण शक्तता को विकसित करने में सहायक हैं।

(v) **कौटुंबिक जिम्मेदारी का सिद्धांतः** बालक की देखरेख, उसका पोषण और उसकी संरक्षा करने की प्राथमिक जिम्मेदारी जैविक कुटुम्ब या, यथास्थिति दत्तक अथवा पालक माता-पिता की है।

(vi) **सुरक्षा का सिद्धांतः** यह सुनिश्चित करने के लिये कि बालक सुरक्षित है और देखरेख तथा संरक्षा पद्धति के संपर्क में रहते हुए और उसके पश्चात् उसकी कोई अपहानि, उससे दुर्व्यहार या बुरा बर्ताव नहीं किया जाता है, सभी उपाय किए जाने चाहिए।

(vii) **सकारात्मक उपायः** सभीस्त्रोतोंको, इसके अंतर्गत वे भी हैं जो कुटुम्ब और समुदाय के हैं, कल्याण को प्रोन्नति, पहचान के विकास को सुकर बनाने और बालकों की असुरक्षा को कम करने के लिए समावेशित और समर्थकारी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए गतिमान किया जाना चाहिए।

(viii) **गैर-कंलकीय शब्दार्थों का सिद्धांतः** किसी बालक से तात्पर्यित आदेशिकाओं में प्रतिकूल या अभियोगात्मक शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

(xi) **अधिकारों का अधित्यजन न किए जाने का सिद्धांतः** बालक के किसी अधिकार का किसी भी प्रकार का अधित्यजन अनुज्ञेय या विधिमान्य नहीं है चाहे उसकी ईप्सा बालक द्वारा की गई हो या बालक की ओर से कार्य करने वाले व्यक्ति या किसी बोर्ड या समिति द्वारा की गई हो और किसी मूलभूत अधिकार का प्रयोग न किया जाना अधित्यजन की कोटि में नहीं आएगा।

(x) **समानता और विभेद न किए जाने का सिद्धांतः** किसी बालक के विरूद्ध किसी भी आधार पर, जिसके अंतर्गत लिंग, जाति, नस्ल, जन्म-स्थान, निःशक्तता या कारित अपराध भी है, किसी प्रकार का विभेद नहीं किया जाएगा और पहुंच, अवसर और बर्ताव में समानता प्रत्येक बालक को दी जानी चाहिए।

(xi) **एकांतता और गोपनीयता के अधिकार का सिद्धांतः** प्रत्येक बालक को सभी साधनों द्वारा और सम्पूर्ण न्यायिक प्रक्रिया में अपनी एकांतता और गोपनीयता की संरक्षा करने का अधिकार प्राप्त होगा।

(xii) **अंतिम अवलंब के उपाय के रूप में संस्थात्मक बनाने का सिद्धांतः** बालक को युक्तियुक्त जांच करने के पश्चात् अंतिम अवलंब के उपाय के रूप में संस्थागत देखरेख में रखा जाएगा।

(xiii) **संप्रत्यावर्तन और प्रत्यावर्तन का सिद्धांतः** किशोर न्यायिक पद्धति में प्रत्येक बालक को शीघ्रातिशीघ्र अपने कुटुम्ब से पुनः मिलाने का और उसी सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक प्रास्थिति में, जिसमें वह इस अधिनियम के क्षेत्राधीन आने के पूर्व रहता था, प्रत्यावर्तित होने का, जब तक कि ऐसा प्रत्यावर्तन और संप्रत्यावर्तन उसके सर्वोत्तम हित में न हो, अधिकार प्राप्त होगा।

(xiv) **नए सिरे से शुरूआत करने का सिद्धांतः** किशोर न्याय पद्धति के अधीन किसी बालक के पिछले सभी अभिलेख को, विशेष परिस्थितियों के सिवाय, समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

(xv) **अपयोजन का सिद्धांतः** विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों से न्यायिक कार्यवाहियों का अवलंब लिए बिना, जब तक कि वह बालक या सूपंर्ण समाज के सर्वोत्तम हित में न हो, निपटाने के उपायों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(xvi) **नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतः** इस अधिनियम के अधीन न्यायिक हैसियत में कार्य करते हुए सभी व्यक्तियों या निकायों द्वारा ऋजुता के बुनियादी प्रक्रियात्मक मानकों का, जिनके अतंर्गत उचित सुनवाई का अधिकार, पक्षपात के विरूद्ध नियम और पुनर्विलोकन का अधिकार भी है, पालन किया जाना चाहिए ।''

(v) परिवीक्षा अधिकारी की बालक न्यायालय की कार्यवाही में उपस्थिति - अधिनियम की धारा 2 (48) में यथापरिभाषित परिवीक्षा अधिकारी पर नियम 64 (3) (पप) के अधीन यह कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व अधिरोपित किया गया है कि वह बालक न्यायालय की कार्यवाहियों में उपस्थित रहेगा तथा जब भी अपेक्षित हो प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। परिवीक्षा अधिकारी विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के संबंध में कोई भी विनिश्चय करने में बालक न्यायालय को सहयोग प्रदान करता है। बालक न्यायालय द्वारा विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के संबंध में की जा रही सभी कार्यवाहियों में उसकी उपस्थिति की अपेक्षा की जानी चाहिए। कार्यवाहियों में उसकी उपस्थिति आदेश पत्र में अंकित की जानी चाहिए। बालक न्यायालय द्वारा उसे दिए गए निर्देश एवं उसके द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों का ब्यौरा आदेश पत्र में अंकित किया जाना चाहिये।

(vi) समुचित आदेश (Appropriate Order) - बालक न्यायालय द्वारा बालक का वयस्क की भांति विचारण किए जाने में सेशन न्यायालयों द्वारा विचारण हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अध्याय-18 में विहित प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगा (देखें नियम 13 (8) (i))

जब बालक न्यायालय का यह विनिश्चय है कि बालक का वयस्क के रूप में विचारण करने की कोई आवश्यकता नहीं है तो वह बोर्ड की भांति कार्य करते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अध्याय-20 में समन मामले में विचारण की प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए जांच करेगा। (देखें नियम 13 (8) (ii)) इन दोनों ही मामलों में अधिनियम की धारा 19 (1) एवं नियम 13 (7) एवं 13 (8) में

यथाविहित समुचित आदेश अंतिम आदेश पारित किया जाएगा। अंतिम आदेश में अनिवार्य रूप से बालक के पुनर्वासन के लिए व्यक्तिगत देखरेख योजना को सम्मिलित किया जाना चाहिए। इस संबंध में अधिनियम की धारा 19 (2) में निम्नलिखित निर्देश हैं -

> ''(2) बालक न्यायालय यह सुनिश्चित करेगा कि विधि का उल्लंघन करने वाले बालक से संबंधित अंतिम आदेश में बालक के पुनर्वास के लिए व्यक्तिगत देखभाल योजना को सम्मिलित किया जाएगा जिसके अंतर्गत परिवीक्षा अधिकारी या जिला बाल संरक्षण एकक या किसी समाजिक कार्यकर्ता द्वारा की गई अनुवर्ती कार्रवाई भी है।''

व्यक्तिगत देखरेख योजना नियम 2 (ix) में निम्नानुसार परिभाषित है -

> ''व्यक्तिगत देखरेख योजना''' किसी बालक के लिए ऐसी व्यापक विकास योजना है, जो उस बालक की आयु और लिंग-विशिष्ट आवश्यकताओं तथा उस बालक के मामले के पूर्ववृत्त पर आधारित हो, जिसे बालक का खोया आत्मसम्मान, गरिमा और स्वाभिमान लौटाने और उसे जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से बालक के साथ परामर्श करके तैयार किया गया हो और तद्नुसार इस योजना में बालक की निम्नलिखित आवश्कताओं की पूर्ति की जाएगी जिसकी कोई सीमा नहीं होगी अर्थात् -
>
> (क) स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यकताएं, जिसके अंतर्गत कोई विशेष आवश्यकताएं भी हैं;
>
> (ख) भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक आवश्यकताएं;
>
> (ग) शैक्षणिक और प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताएं;
>
> (घ) अवकाश, सर्जनात्मकता और खेलकूद;
>
> (ड.) सभी प्रकार के शोषण, उपेक्षा और दुर्व्यवहार से सरंक्षण;
>
> (च) उद्धार और अनुवर्तन;
>
> (छ) समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित करना;
>
> (ज) जीवन कौशल प्रशिक्षण ।''

यह नियम के प्रारूप क्रमांक 7 में तैयार की जाती है।

इस प्रकार बालक न्यायालय की कार्यवाही के अंत में निर्णय के स्थान पर अधिनियम एवं नियमों द्वारा यथाविहित अंतिम आदेश पारित किया जाएगा ।

(vii) प्रक्रिया जब बालक न्यायालय का यह विनिश्चय है कि वयस्क के रूप में बालक का विचारण किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है -

जब बालक न्यायालय धारा 19 (1) एवं नियम 13 (1) के अधीन यह विनिश्चित करता है कि बालक की वयस्क के रूप में विचारण करने की कोई आवश्यकता नहीं है तो वह धारा 19 (1) (ii) एवं नियम 13 (7) सहपठित धारा 18 के अधीन विहित प्रक्रिया का अनुसारण करेगा। इसके अधीन वह-

(i) मामले को बोर्ड को प्रतिप्रेषित नहीं करेगा वरन् स्वयं बोर्ड की शक्तियों एवं प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए बोर्ड की ही भांति कार्यवाही करते हुए मामले में जांच (न कि विचारण) इस समाधान हेतु करेगा कि क्या बालक ने कोई जघन्य अपराध किया है अथवा नहीं। इस हेतु अत्यंत तकनीकी जटिलताओं से भिन्न मात्र समाधानपरक साक्ष्य पर्याप्त है । धारा 18 में प्रयुक्त 'समाधान' पद सामान्य आपराधिक मामलों में अपेक्षित 'युक्तियुक्त संदेह के परे' के मानक से भिन्न है। (देखें धारा -19 (1) (ii), धारा-18, नियम 11 एवं नियम 13 (7) (i))

(ii) इस जांच में समन विचारण की प्रक्रिया का अनुसरण किया जाना चाहिए तथा समस्त कार्यवाही बंद कमरे में एवं बाल अनुकूल वातावरण में की जानी चाहिए। (देखें नियम 13 (7) (ii))

(ii) बालक न्यायालय से यह अपेक्षित है कि वह साक्ष्य अधिनियम की धारा 165 की शक्तियों का उपयोग साक्षियों से बालक के घर, सामाजिक परिवेश, पृष्ठभूमि तथा घटना की परिस्थितियों को जानने के लिए भी करे। बालक की परीक्षा करते समय भी इन तथ्यों के संबंध में प्रश्न किए जाने चाहिए। (देखें नियम 13 (7) (iv) एवं (अ))

(iv) यदि इस जांच के उपरांत बालक न्यायालय का यह समाधान हो जाता है कि बालक ने कोई अपराध किया है तो बालक न्यायालय ऐसे बालक के संबंध में पुनर्वास आदेश पारित करने के लिए अग्रसर होगा। दण्डादेश पारित किए जाने की कोई भी अधिकारिता बालक न्यायालय को ऐसे बालक के संबंध में नहीं है। पुनर्वास आदेश मात्र औपचारिकता नहीं है। बालक न्यायालय को इस स्तर पर यह भी तय करना होगा कि संबद्ध बालक के पुनर्वास के लिए अधिनियम की धारा 18 (1) के खंड (क) से (छ) तक वर्णित पुनर्वास की विभिन्न प्रविधियों में से कौन सी प्रविधि उपयुक्त होगी। इन प्रविधियों में से चयन करने की प्रक्रिया में बालक के पूर्व आचरण एवं सामाजिक जांच प्रतिवेदन में वर्णित तथ्यों के अतिरिक्त नियमों के प्रारूप 7 में यथाविहित व्यक्तिगत देखरेख योजना को सम्मिलित किया जाना आज्ञापक है। अतएव बालक न्यायालय द्वारा परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता को विहित प्रारूप में संबद्ध बालक की व्यक्तिगत देखरेख योजना की प्रस्तुति सुनिश्चित करने का आदेश दिया जाना चाहिए। (देखें धारा 1 (4) 18 एवं नियम 13 (7) (vi))

(v) बालक न्यायालय द्वारा पुनर्वास के संबंध में पारित किए जा सकने वाले आदेश - नियम 13 (7) (vii) के अधीन बालक न्यायालय अधिनियम की धारा 18 (1) एवं 18 (2) के उपबंधों के अनुसार कोई भी आदेश पारित करने के लिये सशक्त है। धारा-18 के अधीन पारित किए जा सकने वाले पुनर्वास आदेशों को दो वर्गों में रखा जा सकता है -

(क) संस्थागत पुनर्वास आदेश- बालक को संस्थागत पर्यवेक्षण में पुनर्वास हेतु रखा जाना संस्थागत पुनर्वास कहलाता है। इस प्रविधि में बालक को धारा 48 में यथा विहित विशेष गृह अथवा धारा-49 में यथाविहित सुरक्षित स्थान में पुर्नवास हेतु प्रेषित किया जाता है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा सिवनी एवं इंदौर में विशेष गृह एवं सुरक्षित स्थान स्थापित किए गए हैं।

सुसंगत प्रावधान धारा 18(1) (छ) में निम्नवत् हैं -

> "(छ) बालक को तीन वर्ष से अनाधिक की ऐसी अवधि के लिए, जो वह ठीक समझे, सुधारात्मक सेवाएं, जिसके अंतर्गत शिक्षा, कौशल विकास, परामर्श देने, आचरण उपांतरण चिकित्सा के लिए और विशेष गृह में ठहरने की कालावधि के दौरान मनश्चिकित्सीय समर्थन देना भी है, विशेष गृह में भेजने का निदेश दे सकेगाः
>
> परन्तु यदि बालक का आचरण और व्यवहार ऐसा हो गया है जो बालक के हित में या विशेष गृह में रहने वाले अन्य बालकों के हित में नहीं होगा तो बोर्ड, ऐसे बालक को सुरक्षित स्थान पर भेज सकेगा।"

यह ध्यातव्य है कि अधिनियम की धारा 3 (xii) के अधीन संस्थागत पुनर्वास का आदेश अंतिम विकल्प होना चाहिए। दूसरे शब्दों में बालक को संस्थागत पुनर्वास में भेजने का आदेश दिए जाने के पूर्व बालक न्यायालय द्वारा यह समाधान अभिलिखित किया जाना आवश्यक है कि संबद्ध बालक के संबंध में (धारा 18 (1) खंड (क) से (च) में वर्णित) पुनर्वास की अन्य कोई प्रविधि उपयुक्त/प्रभावी नहीं है। संस्थागत पुनर्वास अंत्य उपाय है तथा ऐसे विरलतम मामलों में ही आदेशित किया जाना चाहिए जिनमें अन्य प्रविधियों से बालक का पुनर्वास संभव ही नहीं है।

(ख) असंस्थागत पुनर्वास आदेश- अधिनियम की धारा 18 (1) (क) से (च) तक वर्णित पुनर्वास की प्रविधियों को इस वर्ग में रखा जा सकता है। इन प्रविधियों में निम्नलिखित आदेश आते हैं -

1. बालक एवं उसके माता पिता का परामर्श उपदेश या भर्त्सना उपरांत घर जाने हेतु अनुज्ञात करना।
2. बालक को सामूहिक परामर्श (Group counseling) देना।
3. बालक को किसी संगठन/संस्था/व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह में पर्यवेक्षणाधीन सामुदायिक सेवा (Community services) में भाग लेने का आदेश।
4. बालक/उसके माता-पिता या संरक्षक द्वारा अर्थदण्ड संदाय का आदेश।
5. सदाचरण की परिवीक्षा पर छोड़ने तथा बालक को उसके माता-पिता या योग्य व्यक्ति (fit Person) या उपयुक्त तंत्र (fit facility) की देखरेख में रखने का निर्देश। (देखें धारा - 18 (1))

अतिरिक्त आदेश - धारा - 18 (2) के अधीन बालक न्यायालय उपर्युक्त संस्थागत अथवा असंस्थागत पुनर्वास आदेश के साथ साथ बालक के हित को दृष्टिगत रखते हुए निम्नलिखित अतिरिक्त आदेश भी पारित कर सकता है -

(i) विद्यालय में उपस्थित होने;

(ii) किसी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में उपस्थित होने;

(iii) किसी चिकित्सा केन्द्र में हाजिर होने;

(iv) किसी विनिर्दिष्ट स्थान पर बारंबार जाने या उपस्थित होने से बालक को प्रतिषिद्ध करने; या

(v) व्यसनमुक्ति कार्यक्रम में भाग लेने (देखें धारा-18 (2))

(viii) प्रक्रिया जब बालक न्यायालय का यह विनिश्चय है कि बालक का वयस्क के रूप में विचारण किया जाना चाहिए-

इस संबंध में अधिनियम की धारा 19(3), 19(4), 19(5), 20 एवं 21 तथा नियम 13(8) में विस्तार से प्रक्रिया विहित की गई है। इन प्रावधानों के अधीन अनुध्यात् प्रक्रिया सरल रूप में निम्नानुसार है -

1. बालक न्यायालय द्वारा ऐसे मामलों में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अध्याय-18 में सेशन न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु वर्णित प्रक्रिया का अधिनियम की अपेक्षा के अनुरूप यथा परिवर्तनोंके साथ अनुसरण किया जाना चाहिए। दूसरे शब्दों में संहिता के अधीन विहित प्रक्रिया बाल अनुकूल वातावरण में अग्रसरित की जाएगी तथा विचारण का अंत निर्णय के स्थान पर अंतिम आदेश से होगा। अंतिम आदेश में सर्वप्रथम बालक की अपराध में संलिप्तता का निर्धारण अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर सामान्य आपराधिक मामलों की भांति किया जाएगा। यदि बालक अपराध में संलिप्त पाया जाता है तो दण्डादेश के स्थान पर धारा-19, 20 एवं नियम 13(8) में विहित रीति से बालक के संस्थागत पुनर्वास एवं उसके सुधार के मूल्यांकन हेतु आदेश किए जाने चाहिए। बालक न्यायालय बालक के इक्कीस वर्ष की आयु का होने तक ऐसे संस्थागत पुनर्वास में उसके सुधार का अनिवार्य पर्यवेक्षण भी करेगा। यदि बालक ने 21 वर्ष की आयु का होने तक अपने संस्थागत पुनर्वास में कोई भी प्रगति दर्शित नहीं की हो तभी बालक न्यायालय ऐसी आपवादिक स्थिति में 'शेष अवधि' कारागार में व्यतीत करने के लिये आदेश दे सकता है।
2. बालक के अपराध में संलिप्त पाए जाने की दशा में प्राथमिक आदेश यह होगा कि बालक को इक्कीस वर्ष की आयु का होने तक के लिए ''सुरक्षित स्थान'' (Place of safety) पर भेज दिया जाए। यहां उस बालक का व्यक्तिगत देखरेख योजना के अनुसार संस्था के पर्यवेक्षण में पुनर्वास किया जाएगा। (देखें धारा 19 (3) एवं नियम 13 (8) (iii))
3. उक्त आदेश के भाग के रूप में नियम के प्रारूप-7 में प्रस्तुत ''व्यक्तिगत देखरेख योजना'' के अनुसरण में बालक के संस्थागत पुनर्वास में उसकी प्रगति के मूल्यांकन का निर्देश परिवीक्षा अधिकारी/जिला बाल संरक्षण इकाई या सामाजिक कार्यकर्ता को दिया जाना चाहिए एवं उनसे प्रारूप-13 में समीक्षा प्रतिवेदन के प्रस्तुत किए जाने की अपेक्षा की जानी चाहिए। (देखें नियम 13 (8) (iv))
4. स्पष्ट है कि अंतिम आदेश के साथ ही बालक न्यायालय के समक्ष लंबित मामला समाप्त नहीं हो जाता है जैसे कि अन्य आपराधिक मामले निर्णय के साथ ही समाप्त हो जाते हैं और अभिलेख अभिलेखागार प्रेषित कर दिया जाता है। प्रस्तुत मामलों में अंतिम आदेश के उपरांत बालक के

21 वर्ष की आयु का होने तक उसके पुनर्वास/सुधार की प्रगति के मूल्यांकन के दायित्व के निर्वहन का भार बालक न्यायालय पर है। अतएव मामले का अभिलेख अंतिम आदेश के उपरांत भी जहां बालक को दोषी पाया गया है, बालक के इक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त करने तक बालक के पुनर्वास/सुधार की प्रगति के मूल्यांकन हेतु बालक न्यायालय के पास ही रहना चाहिए। अभिलेख अंतिम आदेश के तत्काल पश्चात् अभिलेखागार नहीं भेजा जाना चाहिए। अंतिम आदेश के उपरांत ऐसे मामलों में बालक की प्रगति के मूल्यांकन हेतु आवधिक रूप से समीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुति या बालक की स्वीय प्रस्तुति हेतु तिथि नियत की जानी चाहिए।

5. बालक न्यायालय यह भी सुनिश्चित करेगा कि संस्थागत पुनर्वास के अनुक्रम में बालक से कोई दुर्व्यवहार न किया जाए। इस हेतु एवं प्रगति के मूल्यांकन हेतु अनिवार्य वार्षिक समीक्षा प्रतिवेदन के अतिरिक्त बालक न्यायालय प्रत्येक तीन मास में एक बार बालक को अपने समक्ष प्रस्तुत किए जाने का निर्देश भी दे सकता है। (देखें धारा 19 (4), 19 (5) एवं नियम 13 (8) (अ))

6. बालक द्वारा इक्कीस वर्ष की आयु पूर्ण कर लिए जाने पर बालक न्यायालय बालक के संबंध में प्रस्तुत समीक्षा प्रतिवेदनों एवं अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री पर विचार सहित बालक से अपेक्षित संवाद उपरांत यह तय करेगा कि क्या बालक में संस्थागत पुनर्वास के अनुक्रम में सुधारात्मक परिवर्तन हुए हैं या नहीं तथा क्या अब वह समाज का योगदान करने वाला सदस्य हो सकता है या नहीं। इस संबंध में बालक न्यायालय द्वारा अपना सकारण अभिमत लेखबद्ध किया जाना चाहिए। यदि बालक न्यायालय का अभिमत सकारात्मक है तो वह बालक की निर्मुक्ति का आदेश कर सकता है। इस संबंध में धारा-20 (1), 20 (2) (i) एवं नियम 13(8) (vi) का अनुपालन किया जाना चाहिए। नियम 13 (8) (vi) एवं 13 (8) (vii) में निम्नलिखित निर्देश हैं-

"(vi) जब बालक की आयु इक्कीस वर्ष हो जाए और उसे संस्था में रहने कीअवधि पूरी करनी हो तब बालक न्यायालय:-

(क) यह मूल्यांकन करने के लिए बालक से विचार-विमर्श करेगा कि उसमें सुधारात्मक बदलाव आए हैं या नहीं और क्या वह बालक समाज का योगदानकारी सदस्य बन सकता है।

(ख) यदि आवश्यक हुआ तो परिवीक्षा अधिकारी या जिला बाल संरक्षण इकाई या सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा तैयार की गई बालक की प्रगति की आवधिक रिपोर्टों पर विचार करेगा और यदि संस्थागत व्यवस्था अपर्याप्त हो तो आगे सुधार के निर्देश देगा।

(ग) मूल्यांकन करने के बाद बालक न्यायालय ;

(गक) बालक को तुरंत छोड़ने ;

(गख) अच्छे व्यवहार के लिए बालक को प्रतिभूति के साथ या बिना प्रतिभूति के मुचलका निष्पादित करने पर छोड़ने;

(गग) बालक को छोड़ने और परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता, रोजगार, परामर्श और अन्य उपचारात्मक कार्यों के विषय में निर्देश जारी करने;

(गघ) बालक को छोड़ने और उसके संस्था में रहने की शेष विनिर्दिष्ट अवधि के लिए निगरानी प्राधिकारी नियुक्त करने का निर्णय कर सकेगा। जिस मामले में निगरानी प्राधिकारी नियुक्त किया जाए, उस मामले में वह प्राधिकारी बालक के लिए पुनर्वास कार्ड प्रारूप 14 में रखेगा।

(अपप) इस नियम के उप-नियम (अप) (ग) (गघ)के प्रयोजन के लिए;

(क) परिवीक्षा अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या बालक कल्याण अधिकारी या किसी उपयुक्त व्यक्ति को निगरानी प्राधिकारी नियुक्त किया जा सकता है।

(ख) जिला बाल संरक्षण इकाई ऐसे व्यक्तियों की सूची रखेगी, जिन्हें निगरानी प्राधिकारी नियुक्त किया जा सकता है और यह सूची द्विवार्षिक अद्यतनीकरण के साथ बालक न्यायालय को भेजी जाएगी।

(ग) छोड़े जाने के बाद पहली तिमाही में बालपाक्षिक आधार पर या बालक न्यायालय के निर्देशानुसार अंतरालों पर निगरानी प्राधिकारी से मिलेगा। निगरानी प्राधिकारी बालक से परामर्श करके ऐसी बैठकों का समय और स्थान निर्धारित करेगा। निगरानी प्राधिकारी बालक की प्रगति के विषय में अपनी टिप्पणियां मासिक आधार पर बाल न्यायालय को भेजेगा।

(घ) पहली तिमाही समाप्त होने पर निगरानी प्राधिकारी बालक के लिए आगे अपेक्षित अनुवर्ती प्रक्रिया के विषय में सिफारिशें करेगा।

(ड.) जहाँ छोड़े जाने के बाद, बालक को आपराधिक कार्यकलाप में प्रवृत्त होते या आपराधिक पूर्ववृत्त वाले लोगों से मेलजोल रखते हुए पाया जाए, वहाँ बालक को अगले आदेशों के लिए बालक न्यायालय के समक्ष लाया जाएगा।

(च) यदि यह पाया जाए कि अब बालक की और निगरानी किए जाने की आवश्यकता नहीं है तो निगरानी प्राधिकारी सिफारिशों के साथ विस्तृत रिपोर्ट बालक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगा और बालक न्यायालय निगरानी को समाप्त किए जाने या आगे जारी रखे जाने के लिए निर्देश जारी करेगा।

(छ) पहली तिमाही के बाद बाल निगरानी प्राधिकारी द्वारा पहली तिमाही के अंत में की गई सिफारिशों के आधार पर बालक न्यायालय द्वारा किए गए निर्देशों के अनुसार अंतरालों पर निगरानी प्राधिकारी से मिलेगा और निगरानी

प्राधिकारी अपनी रिपोर्ट बालक न्यायालय को भेजगा, जो कि हर तिमाही में उसकी समीक्षा करेगा।''

7. यदि वार्षिक समीक्षा प्रतिवेदनों, अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री पर विचार एवं बालक से परिसंवाद के उपरांत बालक न्यायालय का यह अभिमत है कि बालक द्वारा अपनी संस्थागत पुनर्वास की अवधि में कोई भी सुधारात्मक परिवर्तन स्वीकार नहीं किया गया है और वह समाज का योगदान करने वाला सदस्य होने के अयोग्य है, तो वह बालक को छोड़े जाने के स्थान पर शेष अवधि कारागार में पूरी करने का आदेश कर सकता है और बालक को ''शेष अवधि'' के लिए कारागार प्रेषित कर दिया जाएगा। (देखें धारा 20 (2) (ii))

8. ''शेष अवधि'' पद को न तो अधिनियम और न ही नियम में परिभाषित किया गया है। अतएव शेष अवधि क्या होगी यह न्यायालय के विवेक का विषय है। यह अवधि संबद्ध अपराध हेतु अधिनियम में विहित दण्ड भी हो सकती है परंतु निश्चित रूप से यह अवधि बालक के 21 वर्ष के होने तक निरोध में व्यतीत कुल अवधि को छोड़कर एवं धारा 21 के निम्नलिखित प्रतिबंध के अधीन होनी चाहिए -

''धारा 21 आदेश, जो विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के विरूद्ध पारित न किया जा सकेगा - विधि का उल्लंघन करने वाले किसी बालक को इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन या भारतीय दंड संहिता, 1860 या तत्सयम प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन ऐसे किसी अपराध के लिए छोड़े जाने की संभावना के बगैर मृत्यु या आजीवन कारावास का दंडादेश नहीं दिया जाएगा।''

9. बालक न्यायालय द्वारा बालक को कारागार में प्रेषित किए जाने के आदेश के साथ उसके द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही के अनुक्रम में निरोध में व्यतीत कुल अवधि के समायोजन का प्रमाण पत्र भी नियम 90 (3) अनुपालन में निर्मित कर प्रेषित करना चाहिए। नियम 90 (3) इस प्रकार है -

''90 (3) - कानून का उल्लंघन करने वाले बालक के कारावास या आवास या सजा की अवधि की संगणन करते समय, ऐसी स्थिति अवधियों की जो बालक अभिरक्षा, निरोध, आवास या कारावास की सजा से पहले ही बिता चुका है, न्यायालय या बोर्ड के अंतिम आदेश में समाविष्ट की गई आवास या निरोध या कारावास की सजा की अवधि के रूप में गणना की जाएगी ''

इस प्रकार दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 428 की भावना का अनुपालन बालकों के संबंध में भी किया जाना चाहिए। (देखें -***सुनील ओझा वि. स्टेट आफ एन.सी.टी. आफ देलही 2007 (4) क्राइम्स 596 (देलही)*** एवं ***प्रदीप कश्यप वि. छत्तीसगढ़ राज्य, 2013 (1) एम.पी.एच.टी. (छत्तीसगढ़) 60***)

•

A Note on Admissibility of Electronic Evidence in light of Shafhi Mohammad v. State of Himachal Pradesh, AIR 2018 SC 714

– **Vidhan Maheshwari**
Assistant Director, M.P.S.J.A.

The law relating to admissibility of electronic evidence is in the stage of evolution like any new law. It is trying to keep pace with the advancement of the Information Technology. A new dimension of law is laid down by the Supreme Court in the case of ***Shafhi Mohammad v. State of Himachal Pradesh, AIR 2018 SC 714.*** It has created anxiety in the minds of legal professionals as to the requirement of certificate under Section 65B of the Evidence Act. The order of the Supreme Court forwards the concept of advancement of justice without restricting oneself to formal procedural bottlenecks. It ensures the basic theme that law of evidence recognises the new techniques and tools, provided their accuracy can be proved.

Before the discussion on order of the Supreme Court in ***Shafhi's*** case, it will be beneficial to have an overview of the law before it.

The law relating to electronic evidence before Sections 65A and 65B came into force was somewhat similar to law relating to admissibility of scientific evidence in developed countries where the Courts were given the responsibility of *"gatekeepers"* and were expected to ensure the reliability and authenticity of scientific evidence before admitting it. This role was also recognised by the Supreme Court in the case of ***Ram Singh v. Col. Ram Singh, AIR 1986 SC 3,*** where it was held that tape recorded conversation is admissible only after its originality and authenticity is established.

After the coming of Sections 65A and 65B, the role of the Court so as to permit the admission of electronic record was formalised and requirement of production of "Certificate" was mandated. Through this the legislature tried to replace the prima facie reliability and authenticity test at the stage of admission with a formal certificate so as to simplify the admissibility procedure. The object was to obviate the difficulty attached to the production of primary evidence, which can lead to a denial of justice in many cases and bring secondary evidence to the level of primary evidence in order to make it admissible in accordance with law.

After the insertion of special law under Sections 65A and 65B there were different opinions as to the pre-condition of certification for admissibility of electronic evidence. The main point of contention was whether other existing general provisions of Evidence Act relating to documentary evidence would apply to electronic evidence or whether the newly inserted provisions are complete code of electronic evidence so as to override other provision of general law.

One of the first judgment on this point which held the field for almost ten years was the case of ***State of NCT Delhi v. Navjot Sandhu @ Afsan Guru, AIR 2005 SC 3820***.In this the Supreme Court held that there is no bar to adducing secondary electronic record under other general provisions of the Evidence Act, namely Sections 63 & 65. It meant that although special law relating to electronic evidence has been made in Sections65A and 65B of Evidence Act, it does not exclude the application of other provisions relating to documentary evidence inclusive of electronic evidence. Thus, an electronic record may be admitted in absence of certificate if the other general conditions in Section 63 and 65 are fulfilled.

A three judge bench of the Supreme Court in the case of ***Anvar P.V. v. P.K. Basheer and ors., AIR 2015 SC 180*** considered above mentioned dictum of law. Expressly overruling the ratio of the ***Navjot Sandhu*** case, it was held that a third type of category of evidence other than oral and documentary has been created and that is electronic evidence. The legislature has inserted a special law relating to electronic evidence in the form of Sections 65A and 65B which starts with a non-obstante clause. Therefore, the special law relating to electronic evidence shall prevail over the other existing general law and certificate as mandated by Section 65B is essential for admissibility of electronic evidence. The Court also clarified that this law was only for the production and admissibility of electronic evidence in secondary form and does not apply to original electronic evidence, which does not require any certificate for admissibility.

Keeping in mind the object of Section 65B to facilitate the production of secondary electronic evidence, the law relating to admissibility of secondary electronic evidence was settled by the Supreme Court in ***Anvar case,*** but the situation where the party is not in position to produce the certificate because of any justifiable reason was not addressed.

In the latest case of ***Shafhi Mohammad v. State of Himachal Pradesh, AIR 2018 SC 714,*** a two judge bench of the Supreme Court was considering as to whether videography of the scene of crime or scene of recovery during investigation should be necessary to inspire confidence in the evidence collected. A question arose as to admissibility of electronic evidence in a situation where the person producing the electronic evidence was not in control of the device producing it. Whether in such a situation the Court will not admit the electronic evidence as the certificate required cannot be accompanied to it. The Court held as follows:

> *"The applicability of procedural requirement under Section 65B(4) of the Evidence Act of furnishing certificate is to be applied only when such electronic evidence is produced by a person who is in a position to produce such certificate being in control of the said device and not of the opposite party. In a case where electronic evidence is produced by a party who is not in possession of a device, applicability of Sections 63 and 65 of the Evidence Act cannot be held to be excluded. In such case, procedure under the said Sections can certainly be invoked. If this is not so permitted, it will be denial of justice to the person who is in possession of authentic evidence/witness but on account of manner of proving, such document is kept out of consideration by the court in absence of certificate under Section 65B(4) of the Evidence Act, which party producing cannot possibly secure. Thus, requirement of certificate under Section 65B(h) is not always mandatory."*

The Court has held that it cannot be universal law that certificate will always be mandatory for admissibility of electronic evidence. The certificate is required where situation is covered by the special law of Section 65B i.e. where the party presenting the evidence is in control of the device producing it and is in position to present the certificate. In a situation where the party is not in a position to produce certificate because he is not in control of the device or is the opposite party, the certificate is not mandatory. The Court may admit the electronic evidence on being satisfied as to the authenticity and relevancy.

The Supreme Court has again underlined that it will be fallacious to deny to the law of evidence, advantages gained by new techniques and new devices. Also, the Court will not turn its eyes from any material evidence just because any procedural formality could not be complied with.

The law has come full circle with ***Shafhi's*** dictum again recognising the *gatekeepers'* role of the Court recognised by foreign and Indian Courts previous to the insertion of Sections 65A and 65B. The special law contained in Section 65B will apply to electronic evidence only where the provision could be applied and in all other circumstances, not covered by it, the general provision relating to admissibility will apply to electronic evidence as well.

It is also important to remember that electronic record are not inherently inadmissible in evidence and Section 65B requires a certificate for admission in given circumstances. The condition facilitating admissibility under Section 65B comes within the purview of mode or method of proof. Since any objection relating to the mode or method of proof must be raised at the time of marking of

the document as an exhibit and not later, the objection as to the requirement of certificate or in relation to it, must also be raised at the stage of admissibility. As held by the Supreme Court in the case of ***Sonu @ Amar v. State of Haryana, AIR 2017 SC 3441*** such objections, if not taken at the trial, cannot be permitted at the later stage.

Having regard to the afore-mentioned discussion, it can be concluded that:

